रोहतक

बुधवार 24 जून 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 30, अंक : 140

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा

अधि. 41.2°C

न्यून. 22.8°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## सिरसा की हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्मश्री



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में 'नागरिक सम्मान समारोह-2' में 2026 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार पाने वाले 65 लोगों में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, टेनिस स्टार विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और गायिका अलका याग्निक शामिल हैं। सिरसा की हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया।

(संबंधित पैकेज पेज 5 पर)






## लखनऊ अग्निकांड: खरखौदा के गांव महीपुर के युवक की दर्दनाक मौत

# फोन पर मां से बोला भविष्य, आग लग गई, जिंदा नहीं बच पाऊंगा

**5 सेकेंड बात हुई और कॉल कट गई**

- युवक की 16 दिन पहले लगी थी लखनऊ में नौकरी
- एनिमेशन एवं गेमिंग का कोर्स कर गया था लखनऊ
- गांव महिपुर में अंतिम संस्कार किया गया

**खरखौदा (हरिभूमि न्यूज)।** लखनऊ के एनिमेशन संस्थान में लगी आग के कारण खरखौदा के गांव महीपुर निवासी 23 वर्षीय युवक भविष्य की दर्दनाक मौत हो गई। भविष्य ने महज 16 दिन पहले ही लखनऊ में अपनी नई नौकरी की शुरुआत की थी। मूलरूप से गांव महीपुर निवासी नरेंद्र वर्तमान में अपने परिवार के साथ खरखौदा के मटिंडू रोड पर रह रहे हैं। उसने बीती 6 जून को ही लखनऊ के संस्थान में नौकरी ज्वाइन की थी। परिजनों के मुताबिक हादसे के समय भविष्य ने अपनी मां सोनिया को वीडियो कॉल किया था। अत्यधिक घबराए हुए भविष्य ने रोते हुए अपनी मां को बताया कि यहां आग लग गई है, मेरा बचना अब मुश्किल है। केवल पांच सेकेंड ही बात हुई और कॉल कट गई। कॉल कटते परिवार में हड़कंप मच गया। इसी बीच लखनऊ अग्निकांड की खबर आ गई।



### बिल्डिंग पर चलेगा बुलडोजर

लखनऊ की 2 मंजिला इमारत में आग लगने की घटना में 15 लोगों की जान चली गई। मंगलवार सुबह 11 बजे हादसे की जांच के लिए एसआईटी और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। शवों का 7 घंटे तक पोस्टमॉर्टम चला। शव घरवालों को सौंप दिए गए। जांच में पता चला है कि जिस इमारत में आग लगी, वह अवैध थी। 2016 में गिराने का आदेश हुआ था। अब बिल्डिंग पर बुलडोजर चलेगा। बिल्डिंग रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के मालिक वीरेंद्र शुक्ला की है। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर वीरेंद्र समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# प्रदेश में अब 24 घंटे में होंगे रजिस्ट्री व इंतकाल

## सीएम सैनी ने किया पेपरलेस रजिस्ट्री 2.0 का शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन में बड़ा डिजिटल सुधार करते हुए पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में नई व्यवस्था लॉन्च करते हुए कहा कि अब प्रदेश में 24 घंटे में रजिस्ट्री और इंतकाल (म्यूटेशन) की प्रक्रिया पूरी तरह एक-दूसरे से जुड़ जाएगी और नागरिकों को अलग से इंतकाल के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने इसे राजस्व प्रशासन में बेहतर सुधार बताते हुए कहा कि नई व्यवस्था से लाखों किसानों, भू-स्वामियों और आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

### घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे, नहीं काटने होंगे चक्कर

**दो-दो वर्ष करते थे इंतजार**

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पहले लोगों को इंतकाल और भूमि संबंधी कार्यों के लिए एक-एक और दो-दो वर्ष तक इंतजार करना पड़ता था। आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रदेश में पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत 29 सितंबर, 2025 को कुरुक्षेत्र की लाडवा तहसील से की गई थी, जिसे 1 नवंबर, 2025 से पूरे राज्य में लागू कर दिया गया था।



**आधार ई-केवाईसी जरूरी फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक**

नई व्यवस्था में रजिस्ट्री के दोनों पक्षों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहचान की 100 प्रतिशत पुष्टि होगी और फर्जी दस्तावेजों व विवादों की संभावना कम होगी। इसके अलावा पूरी प्रक्रिया में डिजिटल हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक सत्यापन लागू किया गया है।

**एनआरआई और कंपनियों को भी राहत**

सरकार ने रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक लचीला बनाया है। अब यदि कोई व्यक्ति, कंपनी, संस्था या एनआरआई स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता तो वह एक से अधिक प्रतिनिधियों को अधिकृत कर सकेगा।

**जमीन की जानकारी होगी ऑटोमैटिक**

नई प्रणाली में रजिस्ट्री के दौरान ही यह जानकारी स्वतः स्क्रीन पर दिखाई देगी कि संबंधित भूमि का कौन-सा हिस्सा प्राइम श्रेणी में आता है और कौन-सा नॉन-प्राइम श्रेणी में। इससे सर्कल रेट और स्टांप ड्यूटी निर्धारण में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## हिसार में 130 रुपये के टोल के लिए मैनेजर को स्कॉर्पियो से कुचला, मौत

**बरवाला।** नेशनल हाइवे बरवाला थाना क्षेत्र स्थित बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर टोल शुल्क को लेकर हुए विवाद में टोल शिफ्ट इंचार्ज की स्कॉर्पियो से कुचलकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 39 वर्षीय संजय शुक्ला के रूप में हुई है, जोकि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के दुधरा गांव के रहने वाले थे। सोमवार देर रात लगभग सवा 12 बजे काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी बाडो पट्टी टोल प्लाजा पर पहुंची। गाड़ी में चार युवक सवार थे। टोल कर्मियों ने टोल शुल्क के रूप में 130 रुपये मांगे तो युवकों ने खुद को स्थानीय निवासी बताते हुए बिना टोल दिए निकलने की बात कही। टोल शिफ्ट इंचार्ज संजय शुक्ला ने उनसे पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा, जिस पर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर संजय शुक्ला गाड़ी के सामने खड़े होकर उसे रोकने लगे। आरोप है कि इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक ने उन्हें टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया और फिर गाड़ी बैक कर दोबारा उसके ऊपर चढ़ा दी। इसके बाद आरोपी गाड़ी लेकर हिसार की तरफ फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल संजय शुक्ला को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मृतक संजय का शव लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने टोल कंपनी से 20 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।



बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर वारदात, आईडी मांगी तो बढ़ा विवाद

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को कुरियन के इस्तीफे की जानकारी दी। प्रेस रिलीज में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर उनका इस्तीफा स्वीकार किया है। हालांकि, इस्तीफे की वजह नहीं बताई गई है। 65 साल के कुरियन मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। *एजेंसी*

### टेलीग्राम की वापसी अस्थायी प्रतिबंध हटा

**नई दिल्ली।** संदेश ऐप टेलीग्राम की सेवाएं मंगलवार को भारत में बहाल हो गईं। एक सप्ताह का सरकारी प्रतिबंध समाप्त होने के बाद सेवाएं बहाल हुईं। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर दोबारा उपलब्ध हो गया, हालांकि कुछ घंटों तक यह एप्पल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध नहीं था। कुछ मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप मंगलवार सुबह चालू हो गया था, जबकि दोपहर करीब 12 बजे तक यह ऐप एप्पल के ऐप स्टोर से हटा हुआ था। *एजेंसी*

**पुणे में सोनम रघुवंशी जैसा केस नवंबर में थी शादी**

# प्रेमी के साथ मिलकर मंगेतर को 400 फीट गहरी खाई में फेंका

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड से मिलती-जुलती वारदात सामने आई है। यहां 26 साल के केतन विशाल अग्रवाल की उनकी मंगेतर सिया गोयल (20) और उसके बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी (22) ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने केतन को लोहागढ़ किले से करीब 400 फीट गहरी खाई में धक्का दिया और इसे हादसा बताने की कोशिश की। केतन 18 जून को अपने मंगेतर सिया के साथ पुणे के लोहागढ़ किले पर ट्रेकिंग के लिए गए थे। बाद में उनका शव खाई से मिला। केतन पुणे जिले के गहुंजे के रहने वाले थे और परिवार के रियल एस्टेट कंपनी में डायरेक्टर थे। वहीं सिया पुणे के एक बड़े मसाला व्यापारी की बेटी है।



**घूमने गए और धक्का दे दिया**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केतन और सिया शादी से पहले बाली घूमने जाने वाले थे। सारी बुकिंग भी हो गई थी लेकिन सिया ने पासपोर्ट खोने की बात कहकर ट्रिप कैंसिल करा दी। केतन ने सिया के बर्थडे के लिए महाबलेश्वर के एक लग्जरी रिसॉर्ट में 40 कमरे बुक कराए थे। लोहागढ़ किले पर प्री-वेडिंग फोटोशूट की भी तैयारी चल रही थी। जांच में सामने आया कि सिया और उसके बॉयफ्रेंड चेतन ने 14 जून को ही लोहागढ़ किले पर केतन को मारने की योजना बनाई थी। इसके बाद 19 जून को रिया ने केतन को किले से नीचे धक्का दे दिया।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी : ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश

**एसआईटी ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का सीईओ नियुक्त करने का भी सुझाव है। डिटेल जांच के लिए एसआईटी ने और समय मांगा है। रिपोर्ट गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी गई है। टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं।

## अमेरिका-ईरान डील के बाद भारत से जुड़े 11 जहाजों ने होर्मुज पार किया

**मार्ग खुला 10 जहाज अभी भी फंसे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौते के बाद अब तक 11 जहाज होर्मुज पार कर भारत की ओर रवाना हो चुके हैं। भारत के 10 जहाज अब भी होर्मुज में फंसे हुए हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में अभी भी भारतीय झंडे वाले 10 जहाज मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये जहाज भी जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लेंगे। जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर बढ़ रहे 11 जहाजों में चार कच्चे तेल के टैंकर शामिल हैं। इनमें तीन भारतीय झंडे वाले और एक विदेशी झंडे वाला जहाज है। इसके अलावा एक विदेशी झंडे वाला एलपीजी कैरियर और उर्वरक लेकर जा रहा एक मालवाहक जहाज भी भारत की ओर बढ़ रहा है। (पेज 10 भी देखें)

## 4 जिलों में अच्छी बारिश, कई में चली धूलभरी आंधी

# प्रदेश में 25 से एक्टिव होगा प्री मानसून

**हरियाणा (हरिभूमि टीम )।** प्रदेश में मंगलवार को मौसम में एक बार फिर बदलाव आया। पहले सिरसा के डबवाली में सुबह बारिश हुई। दोपहर को गुरुग्राम, नूंह और नारनौल में धूल भरी आंधी चली। वहीं रेवाड़ी, गुरुग्राम, रोहतक और भिवानी में तेज बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में हुई बारिश और बादलों के कारण अधिकतम तापमान में औसतन 2.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान रोहतक में 39.1 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान भिवानी में 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि 25 जून से प्री मानसून एक्टिव हो जाएगा।



### अल नीनो से मानसून की बारिश 43% कम

**नई दिल्ली।** मानसून पर अल नीनो का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। अभी तक मानसून की बारिश 43 प्रतिशत कम है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 राज्यों में अल नीनो का ज्यादा असर पड़ने की संभावना है। इनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा शामिल हैं।

### 12 दिन लेट मुंबई पहुंचा मानसून, झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।** मानसून 12 दिन की देरी के बाद मंगलवार को मुबंई पहुंच गया है। आमतौर पर मानसून 11 जून तक मुंबई पहुंच जाता है। मानसून के पहुंचते ही शहर के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में गुजरात और मध्य प्रदेश में पहुंच सकता है। इसके बाद 3-4 दिनों में उत्तर प्रदेश में भी एंट्री होगी। उत्तर भारत में मानसून पहुंचने में समय लगेगा।




## खबर संक्षेप

### चंडीगढ़ से निकलेंगे भविष्य के हॉकी चैंपियन : राज्यपाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि चंडीगढ़ लंबे समय से खेल प्रतिभाओं की नर्सरी रहा है और यहां से देश को अनेक उत्कृष्ट खिलाड़ी मिले हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आज के युवा खिलाड़ियों में ही भविष्य के वे चैंपियन हैं, जो भारतीय हॉकी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। राज्यपाल सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम में 'हॉकी चंडीगढ़' द्वारा आयोजित ओलंपिक दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर फर्स्ट लेडी मित्रा घोष भी मौजूद रहीं। वरिष्ठ अफसर भी कार्यक्रम में पहुंचे।

### कार्यकर्ताओं से संवाद के लिए मुक्तसर जाएंगे सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का दौरा करेंगे। उनका यह दौरा आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे मुक्तसर पहुंचेंगे। वहां पहुंचने के बाद वे सबसे पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद का रहेगा। वे मलोट रोड स्थित नारायणगढ़ पैलेस में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान आगामी चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा।

### आउटसोर्स कर्मियों को समायोजित करने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा की विभिन्न सहकारी और सरकारी चीनी मिलों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत समायोजन की मांग उठाई है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की अपील की है। कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से मिलों में उत्पादन, रखरखाव और तकनीकी कार्यों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें हेल्पर, ऑपरेटर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी शामिल हैं।

### सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**चंडीगढ़।** सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि कोई भी समाज या राष्ट्र मातृभूमि की रक्षा करने वाले अपने सैनिकों का ऋण नहीं चुका सकता, लेकिन सरकार उन वीर जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण एवं हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहती हैं। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में हरियाणा सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के जवानों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

# हरियाणा-राजस्थान के बीच यमुना के पानी पर बनी सहमति, एमओयू पर होंगे हस्ताक्षर

**रेणुका-किशाऊ और लखवाड़ परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार**

*केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में हरियाणा-राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की बैठक में जल प्रबंधन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के नई दिल्ली स्थित आवास पर सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच जल संसाधनों, सिंचाई एवं पेयजल से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान वर्ष 1994 में हुए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) समझौते के तहत राजस्थान को उसके हिस्से का पानी उपलब्ध कराने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में सहमति बनी कि समझौते के अनुरूप राजस्थान को उसका निर्धारित जल पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सोमवार को दोनों राज्यों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने घग्गर में गिरने वाले दूषित जल का मुद्दा उठाया

मुख्यमंत्री ने घग्गर नदी में गिरने वाले दूषित जल का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि नदी में गिरने वाले पानी के शोधन के लिए अलग से ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, ताकि बिना उपचार के गंदे पानी का प्रवाह रोका जा सके और जल स्रोतों की स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो। बैठक में जल प्रबंधन, नदी संरक्षण और अंतरराज्यीय सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने अधिकारियों को आवश्यक मामलों में शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि जल संसाधनों के संरक्षण और समुचित उपयोग के लिए राज्यों के बीच बेहतर समन्वय समय की आवश्यकता है। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बांध परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा : नायब सिंह

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेणुका, किशाऊ और लखवाड़ बांध परियोजनाओं को उत्तर भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके क्रियान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति, सिंचाई क्षमता में वृद्धि और पेयजल उपलब्धता को मजबूत आधार मिलेगा। इसके लिए संबंधित राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाकर आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा राजस्थान के जल अधिकारों का सम्मान करता है और समझौते के अनुसार उसे निर्धारित हिस्सा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग से जल संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन संभव है, जिससे सभी प्रदेशों को लाभ मिलेगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनका राज्य केवल समझौते के तहत तय जल की मांग कर रहा है।

## गीता जीवन को सही दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर : नायब

**जापान में आयोजित महोत्सव के समापन समारोह में वीडियो संदेश के जरिए मुख्यमंत्री सैनी ने दिया संबोधन**




**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाली एक अमूल्य धरोहर है। कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया कर्मयोग का संदेश आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। गीता हमें कर्तव्य, आत्मविश्वास, संयम और मानव कल्याण का मार्ग दिखाती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन अवसर पर चंडीगढ़ से वीडियो संदेश के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व अनेक चुनौतियों और तनावों का सामना कर रहा है, तब गीता का संदेश शांति, सद्भाव और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि गीता का संदेश दुनिया भर में लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र से प्रारंभ हुआ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आज विश्व के अनेक देशों तक पहुंच चुका है। यह भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के वैश्विक प्रसार का सशक्त माध्यम बन गया है।



## कौशल्या डैम के दलदल में फंसी 12 वर्षीय बच्ची

- मछलियां पकड़ने गई बच्ची का पैर कीचड़ में धंसा
- कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाला

**पंचकूला।** जिले में पिंजौर के कौशल्या डैम में मछली पकड़ने गई 12 वर्षीय एक बच्ची दलदल में फंस गई। डैम कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव अभियान चलाकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार कभी पानी और मछलियों से लबालब रहने वाला कौशल्या डैम इन दिनों लगभग सूख चुका है। पानी खत्म होने से बड़ी संख्या में मछलियां मर गई हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। डैम के सूखने के कारण कई स्थानों पर गहरा दलदल बन गया है। बताया गया है कि बाहरी राज्यों से आए मजदूरों के कुछ परिवार डैम के आसपास अस्थायी रूप से रह रहे हैं। इन्हीं परिवारों की 12 वर्षीय बच्ची मछलियां पकड़ने के लिए सूखे डैम के भीतर चली गई। इस दौरान वह दलदली हिस्से में पहुंच गई और उसका पैर गहरे कीचड़ में धंस गया। काफी प्रयास के बावजूद वह खुद बाहर नहीं निकल सकी। बच्ची के फंसने की सूचना मिलते ही डैम कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## 25 को भाजपा मनाएगी संविधान हत्या दिवस लोकतंत्र सेनानियों का होगा सम्मान : शर्मा

**प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक**

**पंचकूला।** भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में 25 जून को मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, सांसद संजय भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व मंत्री कंवर पाल गुर्जर, असीम गोयल, ज्ञानचंद गुप्ता, मलिक रोजी आनंद और जिला अध्यक्ष अजय मित्तल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। इसी दिन देश में आपातकाल लागू कर लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया गया था। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों को जेलों में डाला गया तथा प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई।

## जिलों में मॉडल रोड विकसित करने की तैयारी

**■ मौसम साफ होते ही तुरंत काम शुरू होगा : गंगवा**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के दौरान सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों से जुड़ी सभी प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं, ताकि मौसम साफ होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू किए जा सकें। मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में गंगवा ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के सभी 22 जिलों में विकसित की जाने वाली मॉडल रोड परियोजनाओं और अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि मॉडल सड़कों की कुल लंबाई करीब 115 किलोमीटर होगी। इन सड़कों को आधुनिक सुविधाओं, सौंदर्यकरण और सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार चयनित आठ सड़कों का सर्वे जुलाई में पूरा हो जाएगा और इसी माह प्रशासनिक मंजूरी मिलने की संभावना है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इस मौके पर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## 30 करोड़ के पाइप और हाई पावर पंप खरीदे जाएंगे : चौधरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी की अध्यक्षता में सिविल सचिवालय में विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त खरीद समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति ने जलभराव और बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए पाइपों तथा हाई-पावर जल पंपों की खरीद से जुड़े सभी 16 एजेंडा को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की। इन उपकरणों और सामग्रियों की खरीद पर 30 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।

## रिफंड लेने के बाद प्लॉट बहाली का दावा नहीं कर सकते आवंटी : हाईकोर्ट

**■ पिंजौर का मामला, खंडपीठ ने खारिज की महिला की याचिका**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई आवंटी प्लाट का आवंटन रद्द होने के बाद स्वयं रिफंड मांगता है और बिना किसी आपत्ति के पूरी राशि स्वीकार कर लेता है, तो वह बाद में उसी प्लाट की बहाली या वैकल्पिक प्लाट का दावा नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में आवंटी का दावा 'एस्टॉपल' के सिद्धांत से बाधित हो जाता है। जस्टिस सुवीर सहगल और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने पूजा परवांडा की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता ने एचएसवीपी द्वारा सेक्टर-5, पिंजौर में आवंटित आठ मरला के प्लाट की रद्द की गई अलॉटमेंट बहाल करने की मांग की थी। मामले के अनुसार एचएसवीपी ने जनवरी 2023 में ई-नीलामी आयोजित की थी, जिसमें याचिकाकर्ता सबसे ऊंची बोलीदाता रहीं। उन्हें 1.32 करोड़ रुपये से अधिक की राशि में प्लाट आवंटित किया गया था।

पूरी राशि जमा करने के बाद जुलाई 2023 में आवंटन पत्र भी जारी कर दिया गया याचिकाकर्ता का कहना था कि उन्हें प्लाट का कब्जा नहीं दिया गया और फरवरी 2024 में बिना नोटिस के आवंटन रद्द कर जमा राशि वापस कर दी गई।

### एसयूवी बदलने की मांग हाईकोर्ट में भी खारिज

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने करीब 14 लाख रुपये की महिंद्रा एक्सयूवी-500 में निर्माण दोष होने के दावे पर वाहन बदलवाने की मांग खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि किसी वाहन में निर्माण दोष साबित करने के लिए विशेषज्ञ की तकनीकी रिपोर्ट जरूरी होती है, केवल शिकायतों के आधार पर वाहन बदलने का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस अर्चना पुरी और जस्टिस रमेश कुमारी की खंडपीठ ने महेंद्र सिंह यादव की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने 2012 में खरीदी गई एक्सयूवी-500 में इंजन, लॉक, गियर बॉक्स और अन्य खामियों का आरोप लगाया था।

# प्रदेश की 2 लाख एकड़ बंजर भूमि होगी खेती योग्य

**सात जिलों में 147 नए तालाब और जल निकाय विकसित किए जाएंगे**



योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में जलभराव के कारण बंजर और अनुपयोगी हो चुकी करीब दो लाख एकड़ भूमि को दोबारा खेती योग्य बनाने के लिए राज्य सरकार विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। इसके लिए 'जल संरक्षित हरियाणा' परियोजना को लागू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जलभराव की समस्या का समाधान, भूजल स्तर में सुधार और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना है। परियोजना की कुल लागत 5714 करोड़ रुपये है। इसमें वर्ल्ड बैंक ने 4000 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दी है, जबकि 1714 करोड़ रुपये राज्य सरकार वहन करेगी। यह परियोजना वर्ष 2026 से 2032 तक चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। राज्य सरकार के अनुसार जलभराव और सिंचाई सुविधाओं की कमी के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि बेकार पड़ी है। परियोजना के तहत नहरों और सिंचाई तंत्र को सुदृढ़ किया जाएगा तथा वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### जींद, कैथल और गुरुग्राम में शोधित पानी से होगी सिंचाई

इसके अलावा जींद, कैथल और गुरुग्राम के धनवापुर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों से शुद्ध किए गए पानी का उपयोग 28 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई के लिए किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस परियोजना से न केवल भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कृषि उत्पादन और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

भिवानी, जींद, कैथल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी और सिरसा सहित सात जिलों को इस योजना से विशेष लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में 147 नए तालाब और जल निकाय विकसित किए जाएंगे। साथ ही 1.12 लाख एकड़ क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा तथा पांच लाख एकड़ में डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक अपनाने की योजना है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में एक और आईएएस पर गाज

**चंडीगढ़।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32 चंडीगढ़ शाखा से जुड़े कथित सरकारी फंड डायवर्जन मामले में सीबीआई ने हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया, जहां से दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। सीबीआई के अनुसार, पंकज अग्रवाल के कार्यकाल में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खाते नियमों के विपरीत संचालित किए गए और उनमें निर्धारित सीमा से अधिक सरकारी धनराशि जमा की गई। जांच एजेंसी का आरोप है कि कथित फर्जी वित्तीय लेन-देन के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ, जिससे राज्य सरकार को 60.54 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा। इससे पहले आईएएस आरके सिंह की भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

## युवाओं के लिए मौका : जेल विभाग में 1238 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने जेल विभाग में सहायक जेल अधीक्षक और वार्डर के कुल 1238 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जून से 30 जून की रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में त्रुटि सुधारने के लिए एक और दो जुलाई को करेक्शन विंडो खुली रहेगी। विज्ञापन संख्या 06/2026 के तहत सहायक जेल अधीक्षक के 33 पदों में 30 पुरुष और तीन महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। वहीं वार्डर के 1205 पदों में 1093 पुरुष और 112 महिला अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के लिए किसी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। एचएसएससी चेयरमैन ने सोशल मीडिया के माध्यम से भर्ती कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवाओं से सावधानीपूर्वक आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्रुप-डी सीईटी के लिए भी आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब तक दो लाख से अधिक अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं।




ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
ALLEN ROHTAK
NEET ka Next Attempt?
Banao apna Best Attempt.
With ALLEN's Proven Expertise in COMPUTER BASED TEST (CBT)
They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.
Rudhi N. Khatua — AIIMS, Bhubaneswar — AIR 227807 (2024) — AIR 306 (2025)
Deepak Kumar — ABVIMS, New Delhi — AIR 29890 (2024) — AIR 402 (2025)
Samarth Sharma — AIIMS, Bhopal — AIR 103252 (2024) — AIR 409 (2025)
Sanskar Sahu — AIIMS, Jodhpur — AIR 62157 (2024) — AIR 422 (2025)
Ronak — SMS MC, Jaipur — AIR 28807 (2024) — AIR 445 (2025)
Rajat — AIIMS, Jodhpur — AIR 85699 (2024) — AIR 485 (2025)
Shubham Kr. Jha — AIIMS, Bhopal — AIR 46214 (2024) — AIR 490 (2025)
Priyanshu Aanand — AIIMS, Rishikesh — AIR 26148 (2024) — AIR 588 (2025)
Hariom Malav — AIIMS, Jodhpur — AIR 31622 (2024) — AIR 603 (2025)
Palak Kumari — AIIMS, Jodhpur — AIR 25939 (2024) — AIR 606 (2025)
*Graph not to scale
...and many more success stories
13 All India Rank-1 in the Last 16 Years of NEET / AIPMT Exams
506 ALLENites Secured AIIMS Seats through NEET-UG 2025
73 ALLENites secured a seat in AIIMS Delhi in last 2 years
39 ALLENites among Top 100 AIR in NEET-UG 2025
For class 12th pass students
Here's your chance to rank up in
NEET (UG) 2027
LEADER COURSE
30 JUNE & 10 JULY 2026
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Date 28 JUNE 2026
For test dates & course start dates visit website or nearest centre. *Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN ROHTAK
8951395601, 70560 64114
allen.ac.in/rohtak
ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of full-time, paid classroom courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen.

**खबर संक्षेप**



### शराब बनाने को फर्श खोद छिपाई थीं टंकियां, 400 लीटर लाहण बरामद

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला अभियान" के तहत थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में डेरा गरजा सिंह में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा डेरा गरजा सिंह से आरोपी अमरिक उर्फ जोनी को काबू किया गया। आरोपी द्वारा फर्श के नीचे एक टंकी दबा रखी थी, जो टंकी से शराब निकालने के लिए रखा गया 400 लीटर लाहण बरामद हुआ। पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई तहत 2 घरों में फर्श के नीचे दबाई गई 3 प्लास्टिक टंकियों को भी नष्ट किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य कैथल को नशा मुक्त बनाना तथा अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशा तस्करी जैसे समाज विरोधी अपराधों में शामिल व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## चानौत में पानी विवाद फिर भड़का, प्रशासन ने देररात उखाड़ा टी कनेक्शन

# भाखड़ा पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन जोड़ने पर 6 नामजद समेत 500 पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चानौत गांव में पानी को लेकर सुलझता दिख रहा विवाद एक बार फिर भड़क उठा। ग्रामीण भाखड़ा पाइपलाइन से जिस टी कनेक्शन को लेकर खुशी जता रहे थे, उसे प्रशासन ने अवैध करार देते हुए सोमवार रात बड़ी कार्रवाई की। टी कनेक्शन हटाने के वक्त देररात हुई पुलिस व ग्रामीणों के बीच झड़प में दो पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े और हल्का बल प्रयोग भी किया।

एसपी विनोद कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिसकर्मियों पर हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा माहौल खराब करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पूर्व सरपंच सत्यवान, अनूप कुमार, हिमांशु, सरस्वती, विशाखा और सुधीर को नामजद किया गया है, जबकि मौके पर मौजूद अन्य 500 पर केस दर्ज किया है। एसपी ने स्पष्ट कहा कि जिन लोगों ने मुख्य पाइपलाइन पर अवैध 'टी' लगाई थी, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल चानौत गांव में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और क्षेत्र में शांति बनी हुई है। पुलिस बल तैनात है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धरनास्थल पर लगातार नजर रखी जा रही है।



हांसी। पत्रकारों से बातचीत करते धरना कमेटी सदस्य तथा पूर्व सरपंच सोमेश।

एसपी ने बताया कि चानौत गांव की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार पहले ही लगभग साढ़े 7 करोड़ रुपये की लागत से अलग पेयजल लाइन बिछाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। इसके बावजूद कुछ लोग अमृत परियोजना की शहरी जलापूर्ति लाइन से अवैध कनेक्शन लेने पर अड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी बड़े टकराव से बचने के लिए पुलिस एवं प्रशासन ने सोमवार देर रात अवैध 'टी' कनेक्शन हटाया।

### ग्रामीण बोले- उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर लगाई थी 'टी', अब 26 से करेंगे अनशन

**39** दिन से चल रहा है पानी के लिए आंदोलन

मंगलवार को धरना कमेटी के सदस्य पूरे दिन आगामी रणनीति बनाने में जुटे रहे। आंदोलनकारियों ने सरकार और प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए 26 जून से दोबारा आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। आंदोलन के दौरान सरकार और ग्रामीणों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले सरपंच एसोसिएशन के प्रधान पूर्व सरपंच सोमेश ने भी पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें आंदोलन समाप्त करवाने और समाधान निकालने के लिए मध्यस्थ बनाकर भेजा गया था। उन्होंने दावा किया कि चंडीगढ़ स्तर के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ही टी, पाइप, जेसीबी मशीन और जनरेटर मौके पर पहुंचे थे तथा इसी आधार पर ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया था कि उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। सोमेश ने कहा कि बाद में जिस प्रकार टी-कनेक्शन को उखाड़ दिया गया, उससे केवल चानौत गांव के लोगों के साथ ही नहीं बल्कि उनके साथ भी धोखा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कुछ अधिकारी पूरे मामले की जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहे हैं और एक-दूसरे पर दोष मढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने 25 जून तक गांव की पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया तो वह स्वयं धरनास्थल पर आमरण-अनशन शुरू कर सभी अधिकारियों के नाम उजागर कर दूंगा। उल्लेखनीय है कि चानौत गांव में ग्रामीण पिछले 39 दिनों से भाखड़ा पाइपलाइन से गांव को पेयजल कनेक्शन देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मांग को लेकर पांच ग्रामीणों ने 12 दिनों तक आमरण अनशन किया था जिसे सरपंच एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सोमेश कुमार ने गांव में सरकार द्वारा टी कनेक्शन मांग मानने की बात कह कर जूस पिलाकर समाप्त करवाया था।

**लड़की भगाने के मामले में समझौता नहीं माना**

## महिला एएसआई व बिचौलन 35 हजार की रिश्वत में काबू

- युवक से बिचौलन महिला के द्वारा मांगे गए थे 2 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



टोहाना थाने में एक्शन के बाद अब एसीबी की टीम ने 35 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में भट्टू थाने में तैनात महिला एएसआई तलविंद्र कौर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कथित तौर पर बिचौलिये की भूमिका निभा रही भट्टू निवासी कस्तूरी देवी को भी रंगे हाथों काबू किया गया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह ने बताया कि फतेहाबाद ग्रामीण क्षेत्र में एक युवक द्वारा युवती को भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच बाद में पंचायत के माध्यम से समझौता हो गया था, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि समझौते के बावजूद पुलिस की ओर से उन पर दबाव बनाकर दो लाख रुपये मांगे जा रहे थे। बाद में सौदा 35 हजार रुपये में तय कर दिया गया। एसीबी के अनुसार रिश्वत की रकम सीधे लेने के बजाय आरोपी एएसआई ने भट्टू निवासी कस्तूरी देवी नामक महिला को माध्यम बनाया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे थाने में बुलाकर कस्तूरी देवी से मिलने के लिए कहा गया और उसी के माध्यम से पैसों की मांग की गई। एसीबी की योजना के अनुसार, शिकायतकर्ता ने जैसे ही कस्तूरी देवी को 35 हजार रुपये सौंपे, उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और जांच के आधार पर बाद में भट्टू थाने में तैनात एएसआई तलविंद्र कौर को भी काबू कर लिया गया।

## पाक विस्थापित से अलॉटमेंट लेटर के मांगे 30 हजार, क्लर्क गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत तहसील परिसर में स्थित सेल्स ब्रांच में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कस्टोडियन क्लर्क सचेत हुड्डा को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित क्लर्क पर आरोप है कि उसने पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आए परिवारों को पुनर्वास के तहत आवंटित जमीन से जुड़े क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के लिए अलॉटमेंट लेटर उपलब्ध कराने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता विमल किशोर ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के बाद अलॉटमेंट लेटर जारी करने के नाम पर क्लर्क सचेत हुड्डा लगातार रुपयों की मांग कर रहा था। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और तहसीलदार कार्यालय के साथ लगते कमरे में सेल्स ब्रांच में तैनात आरोपित क्लर्क को शिकायतकर्ता से केमिकल लगे नोट लेते हुए पकड़ लिया। विमल किशोर ने बताया कि नगर निगम की ओर से अलॉटमेंट लेटर मांगा जाता है, जबकि कई मामलों में यह दस्तावेज पुराने रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं होता। कई बार पुराने दस्तावेजों की तलाश में रोहतक और पंजाब के लुधियाना तक संपर्क करना पड़ता है।

## दिल्ली से बच्ची का अपहरण कर शव गुरुग्राम में फेंका

- दुराचार की भी जताई आशंका, आरोपी टैक्सी चालक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साउथ दिल्ली के महरौली इलाके से फुटपाथ पर सो रही 10 वर्षीय बच्ची को अगवा कर हत्या के बाद उसका शव गुरुग्राम के जंगल में फेंका गया था। आरोपी टैक्सी चालक को हिरासत में लेने के बाद उसकी निशानदेही पर शव को जंगल से बरामद किया गया। शुरुआती जांच में दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण और यौन उत्पीड़न जैसे पहलुओं पर स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस उसके मोबाइल, लोकेशन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच कर रही है, ताकि खुलासा किया जा सके। दक्षिणी दिल्ली के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि आरोपी ने सुबह करीब 5 बजे बच्ची को तब अगवा किया, जब वह परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही थी। शव गुरुग्राम में सुशांत लेक थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में मिला है।

## नशेड़ी बेटे ने पिता की पीट-पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सामान में आग लगाने से रोकने पर 78 वर्षीय पिता पर डंडे से किए कई वार, हो गया फरार

खरखौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव थाना कलां में एक बेटे द्वारा अपने ही बुजुर्ग पिता की पीट-पीटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम तब दिया गया जब बुजुर्ग पिता ने बेटे को घर के सामान में आग लगाने से रोकने का प्रयास किया था।

गंभीर चोटों के कारण बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के छोटे बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गांव थाना कलां निवासी रामपाल ने खरखौदा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई ब्रह्मवास लंबे समय से नशे का आदी है। वह अपने माता-पिता के साथ गांव में ही रहता था, जबकि वह अपने परिवार के साथ गन्नौर में रहता है।

मंगलवार सुबह ब्रह्मवास ने घर में विवाद शुरू कर दिया और गुस्से में आकर कमरे में रखे बेड, संदूक व अन्य सामान को आग लगाने का प्रयास करने लगा। जब 78 वर्षीय पिता सरदार सिंह ने उसे ऐसा करने से रोका तो वह आपा खो बैठा और उसने पिता के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। आरोपित ने अपने पिता पर लोहे के पाइप लगे डोगा (डंडे) से कई वार किए और फरार हो गया।

### नशामुक्ति केंद्र में भी करवाया था भर्ती

परिजनों के अनुसार आरोपित ब्रह्मवास काफी समय से नशे की गिरफ्त में था और वह अपनी पत्नी व माता-पिता के साथ अक्सर मारपीट करता रहता था। उसकी हरकतों से परेशान होकर उसे नशामुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया गया था, लेकिन वह वहां ज्यादा दिन नहीं रुका और करीब एक महीना पहले ही वापस घर आ गया था। वारदात के समय मृतक की भतीजी ने फोन पर रामपाल को इसकी सूचना दी।

**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के वायरल वीडियो मामले में नया मोड़**

## सिरसा के युवक ने गुरुग्राम पुलिस में दी शिकायत, 10 लाख रुपये में वीडियो फेक बताने की रिपोर्ट बनवाई, 2 गिरफ्तार

- पंजाब के कई अधिकारियों का भी एफआईआर में जिक्र, उन्होंने गुरुग्राम में आकर पूरी साजिश को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कथित वायरल वीडियो का विवाद और गहरा गया है। सिरसा निवासी शिकायतकर्ता डिजिटल फोरेंसिक एक्सपर्ट जसप्रीत जस्सी ने पुलिस शिकायत में दावा किया है कि उन पर दबाव बनाकर इस वीडियो के संबंध में फर्जी रिपोर्ट तैयार कराई गई। उन्हें कहा गया था कि वे इस वीडियो को डीपफेक बता दें। इसके लिए उनकी गाड़ी में 10 लाख रुपये रखे गए। गुरुग्राम के डीएलएफ थाने में जींद के अंकित व सिरसा के अरुण महेंद्रू को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें पंजाब के कई बड़े अधिकारियों के नामों का भी जिक्र है। दावा है कि जिन दोनों युवकों पर एफआईआर हुए, वे उस लैब के कर्मचारी ही नहीं हैं। जिन लैब से रिपोर्ट देने का दावा है, वे लैब कहीं है ही नहीं। इस एफआईआर से यह मामला और उलझता नजर आ रहा है। गौरतलब है कि एक वायरल वीडियो में भगवत मान जैसा व्यक्ति सिख गुरुओं की तस्वीरों पर शराब का छींटा मारते दिख रहा है। यह वीडियो एनआरआई जगदीप उर्फ जगमनदीप समरा ने अक्टूबर 2025 में वायरल किया था। बाद में सीएम मान ने इसे फेक बताया था। इसी वीडियो के आधार पर सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त साहिब ने सीएम भगवंत मान को गुरु दोखी और खालसा पंथ विरोधी करार दिया था।

**जींद और सिरसा के हैं गिरफ्तार आरोपी**



आरोपी अंकित व अरुण।

### गुरुग्राम में 15 व 16 जून को दो बार बनी योजना

जस्सी का आरोप है कि 15 जून को गुरुग्राम के एक होटल में उसकी मुलाकात खुद को पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारी बताने वाले लोगों से हुई। उसे वायरल वीडियो को फर्जी बताते हुए रिपोर्ट बनाने को कहा गया। उसके मना करने पर 16 जून को फिर बैठक हुई। इसमें पंजाब सरकार के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस बार भी उस पर रिपोर्ट देने का दबाव बनाया गया। इसके बाद उसने अपने परिचित अरुण महेंद्रू निवासी सिरसा से संपर्क किया और बाद में जींद निवासी अंकित को भी इस काम से जोड़ा गया। जस्सी का आरोप है कि जब उसने रिपोर्ट दिलाने में आपत्ति जताई तो उसे और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। उसने यह भी दावा किया कि करीब 10 लाख रुपए उसकी कार में जबरन रख दिए गए। जस्सी के अनुसार बाद में साइफर सेंटिनल लैब, साइबरयान लैब्स नाम की दो निजी लैब से रिपोर्ट हासिल की गई। उसने कहा कि उसे इन लैब की विश्वसनीयता या सरकारी मान्यता के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### अंबाला के युवक ने उत्तराखंड में दी बम धमाके की धमकी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी के साथ-साथ केदारनाथ, बद्रीनाथ, ऋषिकेश, हरिद्वार के प्रमुख तीर्थ स्थलों को 25 जून को बम से उड़ाने की धमकी भरी मेल आई है। अंबाला सिटी निवासी जसप्रीत पुत्र जोगिंदर सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी है। इस पर दो केस दर्ज किए हैं।

## बोलेरो-बाइक की भिड़ंत, दो दोस्तों की मौत



**कलायत (हरिभूमि न्यूज)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पिंजुपुरा के पास एक सड़क दुर्घटना में गांव भाणा निवासी विनीत व राहुल की मौत हो गई। दोनों की 20-21 साल के थे और दोनों बचपन के दोस्त थे। वे किसी कार्य से कलायत आ रहे थे। जैसे ही युवकों की बाइक एनएच 152 पर चढ़ी तो सामने से आ रही राजस्थान नंबर की एक बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उनकी जान चली गई। बोलेरो सवार वाहन को छोड़कर भाग गया। एडवोकेट सुशील कौशिक ने बताया कि दोनों ही परिवार के इकलौते बेटे थे। दोनों ने साथ-साथ ही पढ़ाई पूरी और अब खेती में परिवार के साथ थे।

**पुलिस भर्ती में फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर धोखाधड़ी का 12 साल बाद खुलासा**


## पिता के आर्मी कोटे का एक की जगह दो भाई फायदा उठाकर पुलिस में हुए भर्ती, केस दर्ज

सोनीपत की महिला का रिश्तेदार भर्ती नहीं हुआ तो की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जुलाना थाना पुलिस ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर पुलिस में नौकरी पाने पर दो भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दोनों भाइयों ने पुलिस में भर्ती होते समय अपने पिता के आर्मी कोटे का लाभ उठाया था। नियमों के अनुसार केवल एक ही आश्रित इसका लाभ उठा सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोनीपत निवासी सेवानिवृत्त हेल्थ सुपरवाइजर कमला दहिया ने जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गतौली गांव निवासी हरिओम सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। 2008 में उनके बड़े बेटे दलेल अपने पिता के कोटे का लाभ उठाते हुए पुलिस में भर्ती हो गए। दलेल इस समय जींद में कार्यरत हैं। 2014 में हरिओम का दूसरा बेटा भूपेंद्र भी अपने पिता के कोटे का लाभ उठाते हुए पुलिस में भर्ती हो गया। नियमों के अनुसार सेवानिवृत्त आर्मी कर्मचारी का केवल एक ही बेटा इस कोटे का लाभ उठा सकता है। भूपेंद्र इस समय हांसी जिले में तैनात है। दोनों अब मुख्य सिपाही के पद पर पदोन्नत हो गए हैं।

कमला दहिया ने कहा कि उनके एक रिश्तेदार ने भी आर्मी कोटे का लाभ लेते हुए पुलिस भर्ती के लिए आवेदन किया था। उसके रिश्तेदार को यह लाभ नहीं मिला। जब उसे पता चला कि गतौली गांव निवासी दो भाइयों ने इसी प्रकार ईएसएम कोटे का लाभ उठाया है और वह दोनों इस समय पुलिस में कार्यरत हैं। जब उन दो भाइयों को लाभ मिल रहा है तो उसके रिश्तेदार को यह लाभ क्यों नहीं मिल सकता है। जब पुलिस के पास यह शिकायत पहुंची तो उन्होंने इस मामले की जांच की और पाया कि एक कोटे का केवल एक ही आश्रित लाभ उठा सकता है। जुलाना थाना पुलिस ने भूपेंद्र व दलेल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जुलाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मी भाइयों पर केस दर्ज कर लिया है।



नागरिक अलंकरण समारोह-2 का राष्ट्रपति भवन में किया गया आयोजन

# सविता पूनिया और सोरेन समेत 65 हस्तियों को मिला सम्मान साथ ही अमृतराज, अल्का याग्निक को पद्म सम्मान से नवाजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में 'नागरिक सम्मान समारोह-2' में 2026 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार पाने वाले 65 लोगों में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सविता पूनिया, टेनिस स्टार विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और गायिका अलका याग्निक शामिल हैं। इस समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हैं।



दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किया, इससे पहले 25 मई को आयोजित पहले नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे, जिनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री शामिल थे।

**56 को पद्म श्री, 7 को पद्म भूषण, 2 को पद्म विभूषण दिया**

### सम्मान ग्रहण करतीं हस्तियां



सरिता पूनियया को सम्मान देतीं राष्ट्रपति



गायिका अल्का ने पुरस्कार ग्रहण किया



गायक मुमूटी को मिला अवार्ड

### इसके पहले 65 हस्तियों को किया था सम्मानित

दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति 65 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल हैं। इससे पहले 25 मई को आयोजित पहले नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे, जिनमें दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 57 पद्म श्री शामिल थे।

### ये पुरस्कार 3 श्रेणियों में दिए जा रहे

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार 3 श्रेणियों में दिए जाते हैं, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, जन-कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

### पूर्व कप्तान रोहित को दिया पद्म श्री

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को पद्म अवॉर्ड्स दिए। वहीं, दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण सम्मान और महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सविता पूनिया को पद्म श्री पुरस्कार से नवाजा। इतना ही नहीं, मध्य प्रदेश के भगवानदास रायकवार को मरणोप्रांत पद्म श्री पुरस्कार दिया गया।

### कई दिग्गजों को मिले अवॉर्ड्स

सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी थी, जिसमें खेल जगत के कई दिग्गजों को शामिल किया गया था। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पद्मश्री से नवाजा गया था।

# अब असली टीएमसी की लड़ाई शुरू, नियंत्रण को लेकर जंग तेज

बागी गुट ने दीदी को अध्यक्ष पद से हटाकर अरूप रॉय को नया अध्यक्ष बनाया था

## जवाबी कार्रवाई में ममता खेमे ने नए पदाधिकारियों की सूची और बागी नेताओं के निष्कासन का दांव चला

## ममता खेमे का बागी गुट से पहले पदाधिकारियों की सूची निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी दावा किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी)के भीतर वर्चस्व को लेकर घमासान अपने चरम पर है। अब असली टीएमसी को लेकर सियासत तेज हो गई है। बागी गुट ने ममता बनर्जी को अध्यक्ष पद से हटाकर पूर्व मंत्री अरूप रॉय को 'असली' टीएमसी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया है और अभिषेक बनर्जी को निलंबित कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ममता खेमे ने नए पदाधिकारियों की सूची और बागी नेताओं के निष्कासन का दांव चला है। ममता खेमे ने दावा किया कि उसने दो दिन पहले राष्ट्रीय कार्यसमिति का गठन कर लिया था।

**बागी खेमे ने अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया**



*■ मंगलवार को बागी खेमे ने अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया। इसके नेता मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय का दौरा करके अपने संगठन को कानूनसम्मत तृणमूल कांग्रेस के रूप में मान्यता दिए जाने का अनुरोध कर सकते हैं।*

*■ ममता बनर्जी के खेमे द्वारा आयोग को पदाधिकारियों की संशोधित सूची सौंपे जाने के बाद, असंतुष्टों की ओर से निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के सामने अपना दावा पेश करने की यह पहली औपचारिक कोशिश होगी।*

*■ एक अन्य कदम के तहत पार्टी की अनुशासन समिति ने फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास, अरूप रॉय, जावेद खान, रथिन घोष, बिप्लब मित्रा, स्नेहाशीष चक्रवर्ती और सबीना यास्मीन सहित कई वरिष्ठ नेताओं को कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।*

### भवानीपुर चुनाव, ममता की याचिका सुनेगा हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता बनर्जी की उस चुनावी याचिका को स्वीकार कर लिया है, जिसमें भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से सुवेंदु अधिकारी की जीत को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने निर्वाचन क्षेत्र से सीसीटीवी फुटेज, इवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अदालत की अनुमति के बिना इन्हें न तो मिटाया जाएगा, न बदला जाएगा, न नष्ट किया जाएगा और न ही इनके साथ किसी तरह की छेड़छाड़ की जाएगी।

**इवीएम-वीवीपैट सुरक्षित रखने के आदेश दिए**

# बेंगलुरु में एक परिवार के तीन लोगों की चाकू मारकर की हत्या

## बड़ी बेटी और उसका प्रेमी संदेह के घेरे में आया

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट से एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस को संदेह है कि परिवार की बड़ी बेटी और उसका प्रेमी इस कथित तिहरे हत्याकांड में शामिल हो सकते हैं।

सोमवार शाम मृतक दंपति और उनकी छोटी बेटी उस फ्लैट में गए थे जहां बड़ी बेटी और उसका प्रेमी रह रहे थे। मृतकों की पहचान सोमसुंदर (52), उनकी पत्नी मुथुलक्ष्मी (48) और छोटी बेटी सुप्रिया (19) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार रात केआर पुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीगेनहल्ली स्थित एक अपार्टमेंट में हुई। पुलिस अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि दंपति की बड़ी बेटी पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करने का संदेह है। वह पिछले दो महीने से कथित रूप से अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। आशंका है कि हो सकता है कि परिवार के सदस्य बड़ी बेटी के प्रेम संबंध के पक्ष में नहीं रहे हों, जिससे परिवार में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। जांचकर्ताओं को संदेह है कि वहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद तीनों पर कई बार चाकू से हमला किया गया।

***दोनों से मिलने फ्लैट में पहुंचा था परिवार, वहीं शव मिले***

### *हर फाइल अनगिनत नागरिकों की उम्मीदों व जिंदगी को प्रदर्शित करती है: प्रधानमंत्री*

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के युवा अधिकारियों से कहा कि हर फाइल अनगिनत नागरिकों की उम्मीदों, चिंताओं और जिंदगी को परिलक्षित करती है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों से कहा कि वे हर फैसले में लोगों को केंद्र में रखें और यह सुनिश्चित करें कि शासन संवेदनशील, जवाबदेह और समावेशी हो। प्रधानमंत्री 2024 बैच के 183 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इन अधिकारियों को यहां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के तौर पर तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास की बड़ी चुनौतियों का अलग-अलग हल नहीं किया जा सकता और सार्थक एवं स्थायी परिणाम के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। उन्होंने युवा प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे मजबूत मकसद, नवाचार और नागरिक-केंद्रित शासन के साथ खुद को राष्ट्र-निर्माण के लिए समर्पित करें। प्रधानमंत्री ने उनसे आग्रह किया कि वे हमेशा हर प्रशासनिक फाइल के पीछे मानवीय प्रभाव को ध्यान में रखें।



### एक परिवार के चार लोग मृत मिले

**बंगारुरेड्डीपल्ली।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में एक परिवार के चार लोग मृत पाए गए और उनके कथित तौर पर आत्महत्या करने का संदेह है। मृतकों की पहचान दामोदर (30), उसकी पत्नी निर्मला, उनके 13 वर्षीय पुत्र और 10 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है। चित्तूर ज़िले में एक ही परिवार के चार लोग जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं, मृत पाए गए। यह घटना तब सामने आई जब सोमवार सुबह करीब 6:15 बजे दामोदर की बहन परिवार से मिलने आई और उसने अपने भाई को पंखे से लटका हुआ पाया। इसके बाद पड़ोसियों ने दरवाज़ा तोड़ा और घर के अंदर गए जहां निर्मला और दोनों बच्चे एक बिस्तर पर मृत पाए गए।

**आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले की घटना, मृतकों में दो बच्चे भी**

### *नगरासू गुरुद्वारे में गतिरोध समाप्त, निहंग छत से उतरे*

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में नगरासू स्थित गुरुद्वारे की छत पर चढ़े निहंग सिख चौथे दिन मंगलवार को नीचे उतर आए। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि निहंगों को नीचे उतारने के लिए उनकी मांगे मानी गईं या नहीं। पुलिस ने बताया कि निहंग सिखों की कर्णप्रयाग घटना में दूसरे पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग मान ली गई है और निष्पक्ष जांच के लिए दोनों मुकदमों को हरिद्वार जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में निहंग सिख गुरुद्वारे से बाहर निकलकर मोटरसाइकिलों पर सवार होकर जाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में पुलिसकर्मियों को उन्हें सुरक्षित रूप से बाहर निकालने में मदद करते हुए देखा जा सकता है। बदरीनाथ-राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग और गोचर के बीच स्थित नगरासू गुरुद्वारे में गतिरोध शनिवार शाम को उस समय शुरू

**गुरुद्वारे में 20 जून को हुए विवाद के बाद गतिरोध चल रहा था**

### उद्धव गुट का आरोप: शिंदे गुट में जाने वाले सांसदों ने खुद को बेच दिया: दानवे



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों के शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। उद्धव ठाकरे गुट के एक विधायक ने दल बदलने वाले सांसदों पर कड़ा हमला बोला। शिवसेना (यूबीटी) के विधान परिषद सदस्य अंबादास दानवे ने आरोप लगाया कि पार्टी छोड़कर शिंदे गुट में जाने वाले सांसदों ने खुद को बेच दिया है। उन्होंने सांसदों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि विकास कार्यों के लिए फंड नहीं मिलने की वजह से उन्होंने पार्टी छोड़ी। शिवसेना (यूबीटी) के नौ में से छह लोस सांसद आधिकारिक तौर पर शिंदे गुट में शामिल हो गए थे। शिंदे गुट में शामिल होने वाले सांसदों में संजय देशमुख, संजय जाधव, संजय दिना पाटिल, नागेश पाटिल अष्टीकर, ओमप्रकाश राजेनिंबालकर और भाऊसाहेब वाकचौरे शामिल हैं।

अफसरों से मारपीट व वसूली केस में सजा

# गुजरात में आप विधायक, पत्नी समेत 9 को 7-7 साल की जेल

***कोर्ट ने सभी पर 25 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया***



भाषा ▶▶ राजपीपला (गुजरात)

गुजरात के राजपीपला की एक सत्र अदालत ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी शकुंतला वसावा और सात अन्य व्यक्तियों को वन अधिकारियों पर हमले और जबरन वसूली के एक मामले में दोषी ठहराते हुए सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

सरकारी वकील वंदना भट्ट ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए वी हिरपारा ने उनमें से प्रत्येक पर 25,000 का जुर्माना भी लगाया। आरोपियों में विधायक की पत्नी शकुंतला वसावा सहित चार महिलाएं शामिल थीं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 30 अक्टूबर 2023 को हुई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वन विभाग के अधिकारियों ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से उगाई गई कपास की फसल हटायी थी, जिसके बाद विवाद उत्पन्न हो गया था।

चर्चा के लिए नर्मदा में डेडियापाड़ा कस्बे स्थित विधायक वसावा के आवास पर बुलाया गया। डेडियापाड़ा विस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आदिवासी नेता वसावा ने घर पर अधिकारियों को धमकाया, उनमें से एक को थप्पड़ मारा और पिस्तौल से हवा में गोली चलाई।

अभी श्रद्धालुओं को नहीं मिल पाता प्रसाद

# तिरुपति की तर्ज पर बांके बिहारी में प्रसाद मिलेगा

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति मंदिर में भोग भंडार की व्यवस्था शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि हर भक्त दर्शन के बाद ठाकुरजी का प्रसाद प्राप्त कर सके। मंदिर समिति इसके लिए मंदिर परिसर के आसपास उपयुक्त और बड़े स्थान की तलाश कर रही है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण प्रसाद तैयार किया जा सके। समिति का लक्ष्य है कि आने वाले समय में यह व्यवस्था पूरी तरह लागू कर दी जाए।

### मंदिर के पास ही तैयार होगा प्रसाद

देश-विदेश से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन वर्तमान में मंदिर में कोई आधिकारिक भोग भंडार या प्रसाद वितरण व्यवस्था नहीं है। ऐसे में दर्शन के बाद अधिकांश श्रद्धालु ठाकुरजी का प्रसाद प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। इसी कमी को दूर करने के लिए प्रबंधन समिति प्रसाद वितरण योजना पर काम कर रही है। उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मंदिर में भोग भंडार की व्यवस्था शुरू करना समिति की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए मंदिर के निकट ही बड़े स्थान की तलाश की जा रही है।

नई दिल्ली में सीजेपी कर रही आंदोलन

# जंतर-मंतर पर रातभर डटे रहे प्रदर्शनकारी नागरिकों से हिस्सा लेने की अपील की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां के जंतर-मंतर पर नीट-यूजी पेपर लीक विवाद को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन अब एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी



(सीजेपी) के समर्थकों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना दिया। प्रदर्शन की अनुमति समाप्त होने की घोषणा और जगह खाली करने की चेतावनी के बाद भी संस्थापक अभिजीत दीपके के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी पूरी रात धरना स्थल पर डटे रहे।

### प्रधान बोले- सीजेपी दहशतगर्दों की बी टीम

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीजेपी को दहशतगर्दों की बी टीम बताया। उन्होंने कहा-जिन्हें डेमोक्रेसी में



रिजेक्ट कर दिया गया था, वे भेष बदलकर आए हैं और अब सिस्टम के पीछे पड़े हैं। वे उन लोगों के लिए नारे लगाते हैं जो देश को बांटना चाहते हैं। उनकी पहचान हो गई है। कुछ जानबूझकर शिक्षा को डिरेल करने की कोशिश कर रहे हैं। फिर चाहे वो कोचिंग सेंटर वाले हों या फिर शिक्षा माफिया हों, इन पर नजर रखी जा रही है। हम इन्हें घुटने पर लाएंगे, नहीं तो हम देश के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकते हैं।

### दिल्ली में 11 साल की बच्ची को अगवा कर किया दुष्कर्म, फिर हत्या की

**नई दिल्ली।** दिल्ली का महरौली इलाका एक दिल दहला देने वाली घटना से कांप उठा है। यहां छतरपुर एक्सटेंशन से एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया और फिर हत्या कर दी गई। आरोपी ने बच्ची के शव को फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर जंगल में फेंक दिया। इस जघन्य अपराध ने पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। बच्ची का अपहरण कर बलात्कार के बाद उसकी हत्या करने के आरोपी कैब चालक ने मंगलवार को पुलिस कर्मी की पिस्तौल कथित रूप से छीन कर भागने की कोशिश और इस दौरान हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया।

**फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर शव को जंगल में फेंक दिया था**




### नाफेड की चार पहल की शुरुआत कार्यक्रम में शाह बोले

# दलहन-तिलहन सीधे किसानों से खरीदें नाफेड एनसीसीएफ, बिचौलियों की भूमिका हो समाप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को दालों एवं तिलहनों की खरीद सीधे किसानों से करने का निर्देश दिया, ताकि बिचौलियों की भूमिका खत्म हो और इन वस्तुओं के आयात पर देश की निर्भरता घटाई जा सके।

**आयात पर देश की निर्भरता घटाई जा सके**

नाफेड की चार पहल की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि हाल के वर्षों में दालों एवं तिलहनों का उत्पादन बढ़ा है लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाने के कारण आत्मनिर्भरता हासिल नहीं हो सकी है।

## एमएसपी का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच रहा

### किसान सीधे सहकारी संस्थानों को उपज बेच सकेंगे



शाह ने कहा, /''खरीद में बिचौलियों की भूमिका खत्म करने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि नाफेड और एनसीसीएफ सीधे किसानों से दाल और तिलहन खरीदें, ताकि लाभ सीधे किसानों को मिल सके।/ शाह ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो साल की समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस अवधि में किसान सीधे इन सहकारी संस्थाओं को अपनी उपज बेच सकेंगे और उन्हें किसी बिचौलिये के बगैर भुगतान मिलेगा।

### घरेलू कमी को पूरा करने दाल व खाद्य तेलों का आयात

भारत हर साल अपनी घरेलू कमी को पूरा करने के लिए लगभग 60-70 लाख टन दाल और 1.5-1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात करता है। शाह ने नाफेड की वित्तीय स्थिति में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में यह सहकारी संस्था गंभीर संकट में थी और इसे बचाने के लिए सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

### नाफेड की पहुंच 76 लाख किसानों तक

नाफेड का वार्षिक कारोबार 500 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 30,000 करोड़ रुपये हो गया और इसकी पहुंच 76 लाख किसानों तक हो चुकी है। शाह ने नाफेड को अब 50,000 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य रखने को कहा।

### चार पहल में 'नाफेक्स डॉट इन' शामिल

इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी दालों और तिलहनों में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार पहले से ही तीन प्रकार की दालों की खरीद लाभकारी कीमतों पर कर रही है। नाफेड की तरफ से शुरू चार पहल में डिजिटल नीलामी मंच 'नाफेक्स डॉट इन' भी शामिल है, जो दालों एवं तिलहनों की पारदर्शी नीलामी सुनिश्चित करेगा।

### किसानों के बच्चों के लिए नाफेड कल्याण कोष

चौथी पहल 'नाफेड कल्याण कोष' है, जिसे किसानों के बच्चों के करियर समर्थन के लिए बनाया गया है। नाफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल ने कहा कि ये तीनों प्रौद्योगिकी मंच आपस में जुड़े हुए हैं और इससे पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

## देश की दवा आपूर्ति श्रृंखला चीनी आयात पर बहुत अधिक निर्भर

**नीति आयोग ने जारी तिमाही रिपोर्ट में किया खुलासा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग ने मंगलवार को कहा कि भारत की औषधि आपूर्ति श्रृंखला जरूरी रसायन यानी कच्चे माल (एपीआई) और मुख्य शुरुआती सामग्री के लिए चीन से होने वाले आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। आयोग ने व्यापार पर जारी तिमाही रिपोर्ट में यह भी कहा कि पर्यावरण से जुड़े नियमों का पालन करने की बढ़ती जरूरतों के कारण भारत में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास की लागत काफी बढ़ गई है। लाहिड़ी ने कहा, ''नीति आयोग ने पाया है कि भले ही हम औषधि क्षेत्र में मात्रा के मामले में अच्छा कर रहे हैं, लेकिन हमें मूल्य श्रृंखला में ऊपर जाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की कुछ साख है और उन्हें कोई कारण नहीं दिखता कि अगर भारतीय औषधि कंपनियां अच्छी गुणवत्ता और सही कीमत वाले ब्रांडेड उत्पाद लाती हैं, तो वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी जगह क्यों नहीं बना सकतीं।

### भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

भारत सस्ती जेनेरिक दवाओं (मात्रा के हिसाब से) का एक बड़ा आपूर्तिकता है, जो अफ्रीका की लगभग 50 प्रतिशत, अमेरिका की 40 प्रतिशत और ब्रिटेन की 25 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की जरूरतें पूरी करता है। बीते वर्ष वैश्विक औषधि बाजार की मांग 1,300 अरब डॉलर थी। इसमें 1,020 अरब डॉलर के औषधि और 261 अरब डॉलर के एपीआई यानी मुख्य रसायन शामिल थे।

### अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ 39वां विमान

**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने बोइंग 737 मैक्स को अपने बेड़े में 39वें विमान के रूप में शामिल कर लिया है। एयरलाइन लगभग चार वर्ष से परिचालन कर रही है और इसने वर्ष 2026 में अब तक अपने बेड़े में आठ नए विमान जोड़े हैं।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहलबा खास, खंड-महम, जिला-रोहतक अपनी कंडम हो चुकी महिला चौपाल और कंडम पुराने पंचायत घर के मलबे की नीलामी करवाना चाहती है। बोली 7 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे बहलबा खास गांव के मिनी ग्राम सचिवालय में आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता अपनी बोली लगा सकता है। बाकि शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

ईश्वर शर्मा, ग्राम सचिव

कुलदीप राठी, सरपंच, ग्राम पंचायत बहलबा खास (रोहतक)

संपर्क सूत्र-9812116514

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 174 दिनांक 18.06.26 धारा 127 (6) BNSS थाना कलानौर जिला रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम- शीला

पिता/पति का नाम - W/O वजीर

पता - निवासी मदीना कोरसान हाल किरायेदार कलानौर जिला रोहतक

उम्र- 45 वर्ष

कद- 5 फुट 1 ईंच।

हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, गुलाबी रंग का सुट सलवार, हवाई चप्पल पहने हुई

जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक 70829994126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200, 01262-247894

पीआरडीएच-1084/11/4953/2027/46454/88/6 दि. 23.06.26

## खबर संक्षेप

### रुपया 11 पैसे टूटकर 94.74 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 11 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.74 (अस्थायी) पर रहा। डॉलर के मजबूत होने और घरेलू बाजार के कमजोर रहने से रुपये पर दबाव है। हालांकि, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही, जिससे रुपये की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.73 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.63 से 94.92 के स्तर तक पहुंचा और अंत में 94.74 (अस्थीय) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले भाव से 11 पैसे की गिरावट है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## डॉलर में तेजी से सोना 3,000 और चांदी 10,500 रुपये टूटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 3,000 रुपये टूटकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, जबकि चांदी 10,500 रुपये लुढ़ककर दो महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,000 रुपये या दो प्रतिशत घटकर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। सोना आखिरी बार 27 मार्च को इस स्तर के आसपास रहा था, जब इसकी कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी पर भी बिकवाली का असर पड़ा और यह 10,500 रुपये या 4.3 प्रतिशत टूटकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो दो महीने से ज्यादा समय में इसका सबसे निचला स्तर है। चांदी तीन अप्रैल को 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को घरेलू बाजारों में सोने की कीमतें कम रहीं क्योंकि मजबूत डॉलर और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों का कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।'' कोटक सिक्योरिटीज में जिंस शोध की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोमवार को कीमती धातुओं में थोड़ी बढ़त देखी गई थी, क्योंकि अमेरिका-ईरान बातचीत में प्रगति का असर कच्चे तेल पर पड़ा था।

**भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 27वां स्थान हासिल किया**

## देश से दुनिया तक : गलगोटियाज यूनिवर्सिटी वैश्विक संस्थानों की एलीट लीग में शामिल

**नई दिल्ली।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने दुनिया के दो सबसे सम्मानित वैश्विक विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में जोरदार पहचान के साथ भारत के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में अपनी स्थिति मजबूत की है। ताजा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 15वां और देश के सभी निजी व सरकारी विश्वविद्यालयों में 43वां स्थान हासिल किया है। विश्व स्तर पर विश्वविद्यालय को 1201-1400 बैंड में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में विश्वविद्यालय ने भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 27वां स्थान हासिल किया और इसे 1000-1200 ग्लोबल बैंड में रखा गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा परिदृश्य पर इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को और मजबूती मिली। इस बारे में गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा, कि यह उपलब्धि उच्च शिक्षा, रिसर्च, इनोवेशन और छात्रों की सफलता में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गलगोटियाज में हम



अपने छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप, इंडस्ट्री एक्सपोजर और एक्टिव लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हमारा लक्ष्य युवाओं को न केवल नौकरियों के लिए तैयार करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सॉल्यूशंस, उद्यम और अपना प्रभाव छोड़ने के लिए भी तैयार करना है। भारत जैसे-जैसे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है, नवाचारकर्ताओं, उद्यमियों, शोधकर्ताओं और इंडस्ट्री के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करने में सक्षम संस्थान तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। इस परिवर्तन में सबसे आगे गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने अपने करिश्माई और दूरदर्शी सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया के नेतृत्व में एक ऐसे मॉडल को विकसित किया है जिसमें नवाचार, उद्यमिता और इंडस्ट्री की प्रासंगिकता के साथ अकादमिक उत्कृष्टता शामिल है। उच्च शिक्षा में प्रयोग और इंडस्ट्री से जुड़ाव की मजबूत संस्कृति लाने के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. ध्रुव गलगोटिया की देखरेख में विश्वविद्यालय के इनोवेशन इकोसिस्टम ने तेजी से विस्तार किया है। पिछले कुछ महीनों में ही गलगोटियाज ने एलएंडटी एडुटेक द्वारा भारत के पहले एडवांस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का अनावरण किया है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के लिए एक आईबीएम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया है और वेंचर कैपिटल मेंटरशिप, इनवेस्टर एक्सेस के लिए 247वीसी के साथ भागीदारी की है। इस तरह की पहल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के बढ़ते इकोसिस्टम पर आधारित है, जिसमें एपल और इन्फोसिस द्वारा संचालित आईओएस डेवलपर सेंटर के साथ-साथ इंटेल, सिस्को, सेल्सफोर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज और कैपजेमिनी शामिल हैं।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19062026-273607
CG-DL-E-19062026-273607

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
Part II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3070] नई दिल्ली, बुधवार, जून 17, 2026/ज्येष्ठ 27, 1948
No. 3070] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 17, 2026/JYAISTHA 27, 1948

**रेल मंत्रालय**
[उत्तर रेलवे (गति शक्ति इकाई)]
**अधिसूचना**
नई दिल्ली, 17 जून, 2026

**का.आ. 3192 (अ).**—रेलवे अधिनियम, 1989 (2008 में संशोधित), की धारा 2 के खण्ड (7अ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में सक्षम प्राधिकारी के रूप में कार्य निष्पादित करें।

| सक्षम प्राधिकारी | जनपद | राज्य | परियोजना का नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| विशेष भूमि अद्याप्ति अधिकारी, सहारनपुर, उ.प्र. सरकार | सहारनपुर | उत्तर प्रदेश | इएलएस/एसआरई में अम्ब्रेला कार्यों 2019–20 के अंतर्गत लोको को एक छोर से दूसरे छोर तक लोको की शंटिंग की सुविधा के लिए शेड बायपास लाइन का प्रावधान। |

[फा.सं. 190-W/Land/GSU/UMB/SRE]
संजय कुमार श्रीवास्तव,
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी.

2147/2026

## आईटी, धातु शेयरों में बिकवाली से घरेलू बाजार में बड़ी गिरावट

**मुंबई (एजेंसी)।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और आईटी एवं धातु कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को खासी गिरावट आई। सेंसेक्स 893 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 279 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने भी घरेलू बाजार पर दबाव बनाने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 893.39 अंक टूटकर 76,200.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,011.56 अंक तक गिरकर 76,082.51 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। इसी तरहअ निफ्टी 278.80 अंक गिरकर 23,824.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स और निफ्टी में 11 जून से छह कारोबारी सत्रों के दौरान चार प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी देखी जा चुकी थी। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक और भारतीय स्टेट बैंक भी नुकसान में रहे।

## वोडाफोन आइडिया ने बिडला समूह से 1182 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** कर्ज से जूझ रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने प्रवर्तक आदित्य बिड़ला समूह से वॉरंट जारी कर 1,182 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने सोमवार को 11 रुपये प्रति वॉरंट के भाव पर 430 करोड़ वॉरंट आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी सूर्याजा इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित करने को मंजूरी दी। इस प्रस्ताव के तहत कंपनी को निर्गम मूल्य का 25 प्रतिशत यानी 2.75 रुपये प्रति वॉरंट के भाव से 1,182.50 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। प्रत्येक वॉरंट को 18 महीने के भीतर एक पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर में बदला जा सकेगा, जिसके लिए बाकी 75 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## ग्राहकों को बेहतर कल के लिए पुराना सोना बदलने का अवसर




**बेंगलुरू।** इस जून, मिया बाय तनिष्क ग्राहकों को अपने पुराने सोने को किसी सार्थक चीज में बदलने के लिए आमंत्रित कर रहा है। मिया बाय तनिष्क के किसी भी स्टोर पर सोना बदलने पर, हर 1 ग्राम सोने के बदले ब्रांड 1 पेड़ लगाएगा, जो सिक्किम में रेड पांडा के संरक्षण में मदद करेगा। मिया बाय तनिष्क के ऐसे सोच-समझकर लिए गए निर्णय का उत्सव मना रहा है जो धरती पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। पिछले चार वर्षों में, मिया बाय तनिष्क की सालाना वृक्षारोपण पहल के तहत ग्राहकों के नाम पर 16,000 से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। इस पहल के माध्यम से, एमआईए बाय तनिष्क के ग्राहकों को इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर रहा है और उन्हें अपना पुराना सोना बदलकर और मिया बाय तनिष्क के नवीनतम ज्वेलरी कलेक्शन को देखकर इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। हर एक्सचेंज सिर्फ़ खरीदारी से कहीं ज़्यादा है — यह एक हरित भविष्य और भारत की सबसे पसंदीदा प्रजातियों में से एक के संरक्षण की दिशा में एक कदम है। मिया बाय तनिष्क की बिज़नेस हेड, श्यामला रमणन ने कहा, ''मिया बाय तनिष्क में, पर्यावरण के अनुकूल होना हमारी ज्वेलरी बनाने के तरीके का मूल आधार है।

## अडानी मुंद्रा एयरपोर्ट बना पूर्णतः एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स एवं बिजनेस हब



**मुंद्रा।** देश में अब मुंबई और गोवा के लिए अपनी पहली नियमित विमान सेवा शुरू की गई। इस अवसर पर अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के डायरेक्टर जीत अदाणी ने मुंद्रा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानों की शुरुआत पर खुशी जताते हुए इसे एक ऐतिहासिक दिन बताया है। उन्होंने कहा कि इस हवाई सेवा के शुरू होने से मुंद्रा के लोकल बिजनेस और टूरिज्म दोनों को एक बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा। डायरेक्टर जीत अदाणी के मुताबिक, पहले मुंद्रा तक पहुंचने के लिए लोगों को एक या दो जगह रुककर एक लंबा सफर तय करना पड़ता था, लेकिन अब इस डायरेक्ट फ्लाइट सर्विस की वजह से यात्रियों का वह लंबा समय बहुत कम हो गया है। अडानी मुंद्रा एयरपोर्ट ने मंगलवार को मुंबई और गोवा के लिए अपनी पहली नियमित विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ ही स्टार एयर के साथ रणनीतिक साझेदारी में शुरू की गई यह महत्वपूर्ण हवाई सेवा कच्छ क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई गति देगी तथा इसे एक पूर्णतः एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स एवं बिजनेस हब के रूप में स्थापित करेगी। मंगलवार से अत्याधुनिक टर्मिनल से स्टार एयर द्वारा शुरू की गई आठ नई उड़ान सेवाएं व्यापार, वाणिज्य, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन के लिए यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी लाते हुए एक एक्सप्रेस कॉरिडोर का निर्माण करेंगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**
पता-पुराना बाजार चौक कुरूद, ई-मेल आईडी - kurudnp@gmail.com

क्रमांक/1907 / लो.नि.वि. / ऑनलाईन निविदा/2026-27 — **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** — कुरूद, दिनांक 23/06/2026

नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रांतर्गत जल आवर्धन योजना एवं अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विभिन्न निर्माण/उन्नयन कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से Chhattisgarh Government Integrated e-Procurement https://eproc.cgstate.gov.in में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-


01. Bid Submission Start Date - 23/06/2026, सायं 6.30 बजे तक
02. Bid Due Date - 15/07/2026, सायं 5.30 बजे तक
03. Bid Open Date - 21/07/2026, प्रातः 11.30 बजे तक
04. Physical Document Submission End Date - 20/07/2026, सायं 5.30 बजे तक

| स. क्र. | कार्य का विवरण | टेण्डर सिस्टम नंबर | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (राशि रू.) | फर्म / ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि माह | निविदा शुल्क | प्रभावशील दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद् कुरूद में जल आवर्धन योजना | 193971 | 952.65 | 500000.00 | "B" and Above | 24 माह (वर्षा ऋतु सहित ) | 10000.00 | CG PWD Building S.O.R. 01.01.2015 & CGPHE SOR 01.06.2020 with amendment |
| 02 | 500 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण कार्य | 194037 | 597.23 | 298650.00 | "B" and Above | 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) | 10000.00 | C.G. P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015, C.G. P.W.D. Road S.O.R. 01.01.2025, C.G. P.H.E. S.O.R. 01.06.2020, C.G. Electrical S.O.R. 01.06.2020 & Non S.O.R. Items |
| 03 | नया मार्केट उन्नयन एवं निर्माण कार्यं | 193965 | 196.84 | 147650.00 | "C" and Above | 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) | 10000.00 | C.G. P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015, C.G. P.W.D. Electrical S.O.R. 01.06.2020 & C.G. P.W.D. Road S.O.R. 01.01.2025 |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की विस्तृत / सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा, विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in एवं e-Procurement https://eproc.cgstate.gov.in से अवलोकन की जा सकती ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कुरूद
जिला - धमतरी (छ. ग.)


## शब्द पहेली - 6266




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाईं, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -6265 का हल**





## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कबलाना की कण्डम हो चुकी धानक चोपाल जिसके मैटिरियल की न्यूनतम कीमत 78,000 रुपये निर्धारित की गई है। जिसकी ग्राम पंचायत द्वारा उनके प्रस्ताव नं. 1 दिनांक 19/06/2026 के माध्यम से बोली की दिनांक 02/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे कालिया पाना चोपाल सार्वजनिक जगह पर खुली बोली लगाई जानी हैं। जिसके लिए नियम व शर्तें बोली से पूर्व मौके पर बता दी जाएंगी।

**हस्ता/-उषा देवी, सरपंच**
**ग्राम पंचायत कबलाना (झज्जर)।**

पीआरडीएच-1028/11/220/2027/46463/88/6 दि. 23.06.26

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1469

हमकि (1) जगदीश (2) हरीऔम पुत्रान धर्मसिहं पुत्र छोटूराम, निवासीगण गांव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर व (3) नफेसिहं पुत्र धर्मसिहं पुत्र छोटूराम, निवासी मकान न0 9 ए/बी ब्लॉक, गोपाल नगर, डासा रोड़, नानक प्याऊँ, नजफगढ़ दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं बिस्वेदारान गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2024–25, के अनुसार खेवट न0 276/239, खाता न0 281, मु0 न0 28, किला न0 24(9–3), मु0 न0 30, किला न0 4(8–0), किते 2, तादादी रकबा 17 कनाल 3 मरले (2.14375 एकड़) सालम भाग (जिसमें जगदीश – हरीऔम – नफेसिहं हर तीन समभाग) वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 17 कनाल 3 मरले (2.14375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 23.06.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


# 6 लड़कियों का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप
# चंडीगढ़ के सीरियल रेपिस्ट सत्तू का यूपी में एनकाउंटर

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर



आरोपी पंजाब जेल से भाग गया था चंडीगढ़ का रहने वाला, यूपी में छिपा था

पंजाब से भागे बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू को यूपी के मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया। वह 16 साल से लुधियाना की जेल में बंद था। फरवरी 2026 में जेल से फरार हो गया था। तब से यह यूपी में मुजफ्फरनगर और आसपास के जिलों में छिपकर रह रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी सीरियल रेपिस्ट था। सोमवार रात साढ़े 11 बजे एनकाउंटर में पुलिस ने सत्तू को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में उसे दो गोलियां लगीं। एक पैर और दूसरी कमर के ऊपर। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। हालांकि, मंगलवार को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। दोपहर 1 बजे उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि खून ज्यादा बह जाने की वजह से सत्तू की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सतपाल उर्फ सत्तू पुत्र मुन्नू राम, रामदरबार सेक्टर-32, चंडीगढ़ का रहने वाला था। एसएसपी संजय वर्मा ने कहा कि सतपाल उर्फ सत्तू लड़कियों का अपहरण करता था। फिर उनके साथ रेप करता। फरवरी से अब तक 6 लड़कियों को शिकार बना चुका था। हाल ही में 19 जून को एक लड़की को नौकरी दिलाने का झांसा देकर किडनैप किया। उससे रेप किया था। मुजफ्फरनगर पुलिस ने सत्तू पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। शहर के सिविल लाइन एरिया में 19 जून को एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था। क्योंकि, मामला लड़की से जुड़ा था इसलिए पुलिस ने 10 स्पेशल टीम गठित की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी किशोरी को नौकरी का झांसा देकर किडनैप करके पंजाब ले गया। पंजाब में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। बाद में यमुनानगर में बस में बैठाकर फरार हो गया था। एसपी सिटी अमृत जैन ने बताया कि सोमवार देर रात 11:25 बजे सिविल लाइंस पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम बामनहेड़ी-रुड़की रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पंजाब नंबर की एक संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस ने वाहन रोकने का इशारा किया तो चालक कार लेकर भागने लगा। घेराबंदी होने पर आरोपी ने कार छोड़ दी और पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में वह मारा गया।

## कोर्ट में जाली दस्तावेजों के इस्तेमाल को हल्के में नहीं ले सकते : सुको

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि न्यायिक कार्यवाही में जालसाज़ी और नकली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल गंभीर अपराध हैं और इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब वह एक व्यक्ति को न्यायिक कार्यवाही के तहत मुचलके के तौर पर जाली राजस्व दस्तावेज़ का इस्तेमाल करने को लेकर मिली पांच साल की सजा में बदलाव कर रही थी। पीठ ने कहा, "इसमें कोई शक नहीं है कि न्यायिक कार्यवाही में जालसाजी और नकली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल गंभीर अपराध हैं। भारतीय दंड संहिता की धाराएं 467 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के मकसद से जालसाज़ी) और 471 (नकली दस्तावेज़ का इस्तेमाल) उन अपराधों से संबंधित हैं, जो सार्वजनिक और कानूनी दस्तावेज़ों की प्रमाणिकता और शुचिता को कमज़ोर करते हैं। अदालत के सामने नकली दस्तावेज़ों के इस्तेमाल को हल्के में नहीं लिया जा सकता।"


## कुटेशन नोटिस

हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक में वाहनों की मरम्मत के लिए हार्ड वेयर /petty items/मिस्लेनियास आइटम्स की अगली एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 03-07-2026 तक अपनी सील बंद कुटेशन महापर्बधक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक के नाम भेज सकते हैं। जिसके ऊपर स्टोर आइटम्स कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आइटम्स की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिए महाप्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते है। कुटेशन से सम्बंधित सभी दस्तावेज दिनांक 03-07-2026 से पहले आकर किसी भी कार्य दिवस को 200/- रु. जमा करवाने उपरांत महाप्रबंधक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त कर सकते हैं।

**हस्ता/-महाप्रबंधक**
**हरियाणा राज्य परिवहन,**
**रोहतक**

पीआरडीएच-1119/11/894/2027/46476/88/6 दि. 23.06.26

## महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल आगार के अधीन नारनौल, महेन्द्रगढ़, कनीना, सतनाली, नां० चौधरी व अटेली मण्डी बस स्टैण्ड पर निर्मित शेष खाली दुकानें जो वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 की अवधि के लिए पट्टे पर दी जानी हैं। इन दुकानों को उपरोक्त अवधि के लिए पट्टे पर देने हेतू महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल के कार्यालय में दिनांक 30-06-2026, 07-07-2026 व 14-07-2026 को प्रातः 11-00 बजे खुली निलामी का आयोजन किया जायेगा। उक्त बोली के लिये विस्तृत निर्देश व हिदायतों की प्रति किसी भी कार्य दिवस में महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल के कार्यालय से रुपये 500/- के नकद भुगतान पर प्राप्त की जा सकती हैं। बाकी की शर्ते मौके पर सुना दी जायेंगी।


**आदेशानुसार**
**देव दत्त**
**महाप्रबंधक**
**हरियाणा राज्य परिवहन,**
**नारनौल**

पीआरडीएच-1119/11/895/2027/46490/88/6 दि. 23.06.26

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द

**मुक्कदमा नम्बर- 189, दिनांक 31.05.2026, धारा 127 (6) बीएनएस, थाना सदर जींद।**

**गुमशुदा की तलाश**



नाम- प्रदीप
पिता का नाम-सुनील
पता - ढाणी जींद
उम्र -30 साल
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, लाल रंग की टी शर्ट व मेहंदी रंग कि लोवर पैरों में चप्पल पहने हुए है, कद 5''7 ईंच है। जो बिना किसी को बताए घर से दिनांक 29.05.2026 से गायब हैं। यदि किसी को पता चले तो मोबाइल नं. 8814011566 प्रबन्धक अफसर थाना सदर जींद व 01681-245711 कंट्रोल रुम जीन्द से सम्पर्क करें।
प्रबन्धक अफसर
थाना सदर जींद।

पीआरडीएच-1084/11/4962/2027/46486/88/6 दि. 23.06.26


ट्विशा डेथ केस : डॉक्टरों से पूछताछ की

# भोपाल एम्स पहुंची सीबीआई की टीम, दस्तावेज किए जब्त

इ्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों का उस वक्त का विवरण मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम मंगलवार को भोपाल स्थित एम्स पहुंची। दिल्ली से आई सीबीआई टीम ने करीब दो घंटे तक एम्स में रहकर मामले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की और कई रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए। सीबीआई अधिकारियों ने 12 मई को ट्वीशा की मौत के बाद उसे एम्स लाए जाने से संबंधित दस्तावेजों का बारीकी से परीक्षण किया। टीम ने अस्पताल प्रशासन से उस दिन की इमरजेंसी एंट्री, उपचार संबंधी रिकॉर्ड और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी जुटाई। इसके अलावा घटना के दिन इमरजेंसी विभाग में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का विवरण भी मांगा गया। सीबीआई यह जानने का प्रयास कर रही है कि ट्वीशा को अस्पताल लाए जाने के बाद कौन-कौन सी चिकित्सीय प्रक्रियाएं अपनाई गईं।

## ईडी ने तमिलनाडु के 18 ठिकानों पर मारा छापा, रिकॉर्ड जब्त किए

**शिक्षक भर्ती घोटाला**

**चेन्नई।** तमिलनाडु में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने चेन्नई, कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली और मदुरै जैसे शहरों समेत कुल 18 जगहों पर छापा मारा है। यह छापेमारी 2017 के एक शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच में की गई है। यह सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में हुई परीक्षाओं पर केंद्रित है। रिश्वत और नंबरों में हेरफेर का शक है। करके कुछ उम्मीदवारों को गलत तरीके से नौकरी दी गई थी। 2017 में चेन्नई की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने इस मामले की जांच की थी। 196 उम्मीदवारों के नंबरों के साथ छेड़छाड़ की गई थी। आरोप है कि यह सब पैसे लेकर किया गया था। 2021 में इस मामले में चार्जशीट दाखिल की गई थी। अब पता लगाया जा रहा कि कितने पैसों का लेन-देन हुआ और इसमें कौन-कौन शामिल थे। ईडी ने जो दस्तावेज़ और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए हैं।

## अलीगंज अग्निकांड: सीएम सख्त, एलडीए वीसी तलब

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ लखनऊ

**1 जनवरी से सीलिंग और ध्वस्तीकरण कार्रवाई का ब्योरा मांगा**

राजधानी लखनऊ के अलीगंज में हुए कोचिंग अग्निकांड के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ा रुख अपना लिया है। योगी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को तलब किया है। उनसे 1 जनवरी 2026 से अब तक शहर के सभी सात जोनों में जारी किए गए सीलिंग नोटिस, उन पर हुई कार्रवाई और ध्वस्तीकरण अभियानों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिन अवैध निर्माणों को नोटिस जारी किए गए, उनमें से कितनों पर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई हुई और कितने मामलों में आदेश केवल कागजों तक सीमित रह गए।यह भी समीक्षा की जाएगी कि नियमों के उल्लंघन के बावजूद कई इमारतों में व्यावसायिक गतिविधियां कैसे संचालित होती रहीं। अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआईटी की टीम ने मंगलवार को वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की। टीम ने भवन की संरचना, अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था, निकास मार्ग और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की है। अब जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। वहीं, मंगलवार को लखनऊ के अलीगंज स्थित चार मंजिला इमारत में लगी आग अभी ठंडी नहीं हो पाई थी कि मंगलवार को ठाकुरगंज इलाके के इरम कॉलेज के ऑफिस में आ लग गई। आग की लपटों को देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | वार्ड नं. 27 में जगन नाथ पंसारी से रमेश प्रधान शॉप और उसके साथ लगती गली वेदो की गली हालुबाजार, और परस राम हलवाई से नरेन्द्र सोनी निकट घोसियां चौक तक गली का निर्माण + 2 कार्य। | 19.06.2026 30.06.2026 | 1,91,32,464/- | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 me.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46507/I/88/6 दि. 23.06.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में डॉग शेल्टर का निर्माण। | 19.06.2026 30.06.2026 | 105.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में विभिन्न पार्कों में त्रुटिपूर्ण सोलर लाइट्स, ड्राईवर/पीसीबी, बैटरियों और क्षतिग्रस्त सोलर पैनल को बदलना। | 19.06.2026 26.06.2026 | 56.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-4, वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में तिकोना पार्क के निकट चारों ओर के रोड बिटुमिन रोड का निर्माण। | 20.06.2026 26.06.2026 | 46.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46467/I/88/6 दि. 23.06.26

## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)–124105
ई–मेल: coemunimpur@gmail.com

### किसानों को तैयार सब्जी / फूलों की पौध निःशुल्क वितरण बारे सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटैक ग्रीनहाउस में तैयार सब्जी / फूलों की पौध किसानों को निःशुल्क वितरित की जानी है। सब्जी / फूल पौध की उपलब्ता तथा प्रजातियों का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr.No. | Crop | Specification | Vegetable/flower crop Variety | Quantity of seedlings |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Marigold | Type - African Colour- Orange | Tennis Ball Orange | 1,50,000 |
| 02 | Marigold | Type- African Colour-Yellow | Tennis Ball Plus | 50,000 |
| 03 | Tomato | Hybrid | Pari | 30,000 |
| 04 | Chilli | Hybrid | US 917 | 30,000 |
| 05 | Brinjal | Hybrid | Kiran | 20,000 |
| 06 | Cauliflower | Hybrid | KSP 1917 | 40,000 |
| 07 | Bottle Gourd | Hybrid | KSP 1500 | 20,000 |
| 08 | Sponge gourd | Hybrid | Sagar | 20,000 |
| 09 | Ridge Gourd | Hybrid | KSP 1501 ANU | 15,000 |
| 10 | Pumpkin | Hybrid | BSS 750 Indrajeet | 5,000 |
| 11 | Summer Squash | Hybrid | Round Ball | 5,000 |
| 12 | Bitter gourd | Hybrid | KSP 1865 | 15,000 |
| | | Total | | 4,00,000 |

1. किसानों को पौध पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी।
2. किसानों को पौध केन्द्र पर उपलब्ध पौध संख्या एवं प्रजाति के आधार पर दी जाएगी।
3. एक किसान को अधिकतम 10 बॉक्स पौध दी जाएगी (990 पौध, 99 पौध / बॉक्स)।
4. किसान को पौध संबंधित जिला बागवानी अधिकारी द्वारा जारी अनुमति पत्र अथवा जिला बागवानी अधिकारी कार्यालय के अनुमति पत्र अथवा केन्द्र पर स्वंय किसान आवेदन पत्र जमा कराकर पौध प्राप्त कर सकता है।
5. किसान को अपना पूर्ण विवरण (नाम, पता, आधार, परिवार पहचान पत्र, माबाईल नं. इत्यादि) अनुमति पत्र में देना होगा।
6. किसान को पौध अपने वाहन द्वारा केन्द्र से उठानी होगी।
7. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) पर संपर्क कर सकते है।

**हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर, झज्जर।**

पीआरडीएच-1149/11/1138/2027/46489/88/6 दि. 23.06.2026

## विज्ञा. सं. 06/2026
## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

### ग्रुप–सी पदों के लिए सीईटी–II हेतु विज्ञापन
### परिशिष्ट–ए
### (विज्ञा. सं. 06/2026)

कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) विज्ञा. सं. 01/2025 ग्रुप–सी में क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों से सीधी भर्ती के लिए यूआरएल पता अर्थात https://adv062026.hryssc.com के माध्यम से 24.06.2026 से 30.06.2026 तक अप. 11.59 बजे तक विज्ञापन सं. 06/2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. पदों का विवरण, योग्यता और आयु :–

ग्रुप–1

| श्रेणी सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | वेतनमान | सामान्य | डीएससी | ओएससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम डीएससी | ईएसएम ओएससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी एमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेल | सहायक अधीक्षक जेल (पुरुष) | एफपीएल-6 | 10 | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | जेल | सहायक अधीक्षक जेल (महिला) | एफपीएल-6 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |

श्रेणी सं. — श्रेणी सं. 1 और 2 के पदों हेतु आवश्यक योग्यता

1. i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :– सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :–**

iii) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| पुरुष | 170 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | 83 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 87 सेंटीमीटर (फुलाकर)(सामान्य श्रेणी) |
| | 168 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | 81 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 85 सेंटीमीटर (फुलाकर) (आरक्षित श्रेणी) |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| पुरुष | 2.5 किलोमीटर | 12 मिनट |
| पूर्व सैनिक | 1.0 किलोमीटर | 5 मिनट |

**टिप्पणी** :– आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 21-27 वर्ष (सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. (iv) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट)**

2. i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :– सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :–**

iii) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| महिला | 158 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | लागू नहीं |
| | 156 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | लागू नहीं |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| महिला | 1.0 किलोमीटर | 6 मिनट |

**टिप्पणी** :– आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 21-27 वर्ष (सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. (iv) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट)**

ग्रुप–2

| श्रेणी सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | वेतनमान | सामान्य | डीएससी | ओएससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम डीएससी | ईएसएम ओएससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी एमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | जेल | वार्डर महिला | एफपीएल-2 | 37 | 11 | 10 | 10 | 5 | 16 | 8 | 3 | 2 | 5 | 5 | 112 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | जेल | वार्डर पुरुष | एफपीएल-2 | 99 | 116 | 94 | 93 | 19 | 269 | 199 | 29 | 30 | 59 | 86 | 1093 | 0 | 0 | 0 | 0 |

श्रेणी सं. — श्रेणी सं. 3 से 4 के पदों हेतु आवश्यक योग्यता

3. i) किसी मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड अथवा संस्थान से 10+2 अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :– सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :–**

iii) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| महिला | 158 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | लागू नहीं |
| | 156 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | लागू नहीं |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| महिला | 1.0 किलोमीटर | 6 मिनट |

**टिप्पणी** :– आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 18-25 वर्ष (सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. (iv) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट)**

4. i) किसी मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड अथवा संस्थान से 10+2 अथवा इसके समकक्ष ;
ii) मैट्रिक अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत ;
**टिप्पणी :– सभी उम्मीदवार जो शारीरिक मापन परीक्षा क्वालीफाइ करते हैं, को फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए रखा जाएगा जो केवल क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें उनकी फिजिकल फिटनेस और सहनशीलता का निर्णय होगा। मानक शारीरिक शर्तें निम्नानुसार हैं :–**

iii) न्यूनतम ऊंचाई और छाती मापन

| उम्मीदवार | ऊंचाई | छाती |
|---|---|---|
| पुरुष | 170 सेंटीमीटर (सामान्य श्रेणी) | 83 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 87 सेंटीमीटर (फुलाकर)(सामान्य श्रेणी) |
| | 168 सेंटीमीटर (आरक्षित श्रेणी) | 81 सेंटीमीटर (बिना फुलाए) और 85 सेंटीमीटर (फुलाकर) (आरक्षित श्रेणी) |
| | **परीक्षा दूरी** | **क्वालीफाइंग समय** |
| पुरुष | 2.5 किलोमीटर | 12 मिनट |
| पूर्व सैनिक | 1.0 किलोमीटर | 5 मिनट |

**टिप्पणी** :– आयोग के विवेक पर इस परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस अथवा कोई अन्य सुपिरियर और विश्वसनीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

**आयु : 18-25 वर्ष (सरकारी निर्देश 22/06/2021 -1जीएस-III दिनांक 25.03.2022 के क्र. सं. (iv) के अनुरूप केवल डीएससी/ओएससी, बीसीए/बीसीबी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों को आयु में 5 वर्षीय छूट)**

**टिप्पणी : विस्तृत विज्ञापन, अनुलग्नक और परिशिष्ट हेतु कृपया एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर पधारें।**

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 22.06.2026

**हस्ता/- सचिव**
**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला**

संवाद–1159/13/708/2027/46493/88/6 दि. 23.06.26

चिंतन

# चीन के साथ संबंध बढ़ाएं लेकिन सावधानी जरूरी

आखिरकार कई साल के तनाव के बाद भारत और चीन के बीच व्यापारिक रिश्ते बहाल हो गए हैं। आज के बदलते वैश्विक माहौल में दोनों के बीच यह जरूरी भी है। चूंकि खाड़ी युद्ध के बाद दुनिया में चीन की स्वीकार्यता बढ़ी है। भारत और चीन ही ऐसे देश हैं जहां खाड़ी संकट से पैदा हुए हालातों का बेहद कम असर रहा है। अब दोनों देशों के रिश्तों में एक बार फिर गर्मजोशी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की दीवार खड़ी हो गई थी, वह अब धीरे-धीरे कम होती नजर आ रही है। हालांकि भारतीय उद्योग परिसंघ ने चेतावनी दी है कि चीन के साथ कारोबार और करार करने से पहले काफी सतर्क रहने की जरूरत है। चीन के साथ भारत संबंध बढ़ाए, लेकिन सावधानी रखना भी उतना ही जरूरी है। नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में भी दोनों देशों के बीच काफी गर्मजोशी देखने को मिली। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि भारत और चीन के लिए एक-दूसरे के 'मूल हितों' का सम्मान करना और दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति पर क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाना अनिवार्य है। वहीं, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी कहा कि भविष्य के लिए दोनों देशों को साथ आना होगा। आज का वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव और अमेरिका की आक्रामक आर्थिक नीतियों के बीच चीन की भूमिका पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है। ऐसे समय में भारत और चीन, जो दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनके बीच संवाद और सहयोग की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, आर्थिक आंकड़े एक अलग कहानी भी बयां करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में चीन अमेरिका को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारत का चीन को निर्यात बढ़ा जरूर है, लेकिन आयात कहीं अधिक तेजी से बढ़ा है। परिणामस्वरूप व्यापार घाटा बढ़कर 112 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसका अर्थ है कि भारत की बाजार व्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र अभी भी चीनी उत्पादों पर अत्यधिक निर्भर हैं। दूसरी ओर, भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियां भी भारत के लिए रणनीतिक चुनौती हैं। ऐसे में बीजिंग के साथ संवाद बनाए रखना और तनाव कम करना भारत के हित में है, लेकिन मित्रता और निर्भरता में अंतर होता है। भारत को ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे उसकी रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हो या राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों पर आंच आए। भारत और चीन के बीच संबंधों का भविष्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। सीमा विवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और वैश्विक मंचों पर समन्वय जैसे अनेक मुद्दे दोनों देशों के एजेंडे में शामिल हैं। इसलिए संबंधों का आधार केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि पारस्परिक सम्मान और विश्वास होना चाहिए। चीन यदि वास्तव में संबंधों को नई दिशा देना चाहता है, तो उसे सीमा पर स्थायी शांति और विश्वास निर्माण के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे। भारत के लिए सबसे उपयुक्त नीति यही होगी कि वह चीन के साथ संवाद बढ़ाए, व्यापार करे, निवेश आकर्षित करे और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाए, लेकिन राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं।



व्यवस्था
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# शैक्षणिक व्यावसायिकता का अक्षम्य अपराध

पंद्रह बच्चे जो कल तक अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन रहे थे, जो अपने माता-पिता की आंखों के तारे थे, आज वे केवल राख का एक ढेर बनकर रह गए हैं। यह सीधे तौर पर उस व्यावसायिक आपराधिकता का अत्यंत वीभत्स चेहरा है, जिसने शिक्षा-व्यवस्था को मौत का कुआं बना दिया है। इतिहास गवाह है कि लखनऊ की यह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। यह देश के विभिन्न कोनों में कोचिंग संचालकों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक लापरवाहियों की एक अंतहीन और खूनी कड़ी है। यदि हम समाज के तौर पर आज भी नहीं जागे और हमने इन मुनाफाखोर कोचिंग मालिकों को उनके कर्मों की सजा नहीं दिलाई तो यह खूनी सिलसिला देश के किसी न किसी कोने में निरंतर चलता रहेगा।

लखनऊ की हवा में अभी भी धुएं और जले हुए सपनों की गंध घुली हुई है; पूरा शहर और पूरा देश इस वीभत्स मंजर को देखकर स्तब्ध है। पंद्रह बच्चे जो कल तक अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन रहे थे, जो अपने माता-पिता की आंखों के तारे थे, आज वे केवल राख का एक ढेर बनकर रह गए हैं। यह सीधे तौर पर उस व्यावसायिक आपराधिकता का अत्यंत वीभत्स चेहरा है, जिसने शिक्षा-व्यवस्था को मौत का कुआं बना दिया है। इतिहास गवाह है कि लखनऊ की यह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है।

यह देश के विभिन्न कोनों में कोचिंग संचालकों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक लापरवाहियों की एक अंतहीन और खूनी कड़ी है। हमें दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर की वह भयावह घटना नहीं भूलनी चाहिए, जहां एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में अचानक पानी भर जाने से तीन होनहार छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी। वह पानी कोई प्राकृतिक बाढ़ नहीं था, बल्कि संस्थान के मालिक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर, बिना किसी ड्रेनेज या आपातकालीन निकास के बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधि चलाने का प्रत्यक्ष परिणाम था। इसी तरह, सूरत के तक्षशिला आर्केड की वह रूह कंपा देने वाली आग आज भी देश के जेहन में ताजा है, जहाँ सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर बनाई गई चौथी मंजिल पर चल रहे कोचिंग सेंटर में आग लगने के कारण बच्चों को जान बचाने के लिए ऊपर से कूदना पड़ा था। दिल्ली के मुखर्जी नगर में भी कोचिंग सेंटर की आग से बचने के लिए छात्रों का तारों के सहारे लटककर खिड़कियों से कूदना इस बात का जीता-जागता सबूत है कि इन संस्थानों के संचालकों के लिए बच्चों की जान की कीमत कौड़ियों के बराबर भी नहीं है। केवल हादसे की जगह बदलती रही, मरने वाले मासूम बदलते रहे, लेकिन गुनाहगार का चरित्र वही रहा।

जब कोई व्यक्ति एक कोचिंग संस्थान खोलता है तो वह केवल एक भवन किराए पर नहीं लेता, बल्कि वह समाज के सामने एक जिम्मेदार संस्थान होने का दावा प्रस्तुत करता है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब भी ऐसी कोई भयानक त्रासदी होती है तो सारा दोष प्रशासनिक तंत्र, दमकल विभाग या स्थानीय नगर निगम के मत्थे मढ़कर असली अपराधी बच निकलते हैं। हमें यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि जब एक कोचिंग सेंटर का मालिक छात्रों से लाखों रुपये की मोटी फीस वसूलता है तो उस प्रत्येक पैसे के बदले छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी पहली, अंतिम और एकमात्र व्यक्तिगत जिम्मेदारी बन जाती है। सरकार से एनओसी प्राप्त करना या सुरक्षा मानकों का पालन करना कोई प्रशासनिक औपचारिकता या जबरन थोपा गया नियम नहीं है, बल्कि यह उस व्यवसाय को चलाने की एक ऐसी बुनियादी शर्त है जिसे पूरा किए बिना संस्थान की एक ईंट भी नहीं रखी जानी चाहिए थी। यदि किसी संचालक ने बिना इन व्यवस्थाओं के संस्थान खोला तो उसने केवल नियम नहीं तोड़े, बल्कि उसने जानबूझकर पंद्रह बच्चों की हत्या की साजिश रची।

तंग और संकरी गलियों में बनी ये ऊंची-ऊंची इमारतें और भूमिगत बेसमेंट में संचालित होते कोचिंग सेंटर, किसी मौत के कुएं से कम नहीं हैं और इनका निर्माण




किसी सरकारी अधिकारी ने नहीं, बल्कि कोचिंग सेंटर के मालिकों ने अपने निजी स्वार्थ और जगह के अधिकतम व्यावसायिक दोहन के लिए किया है। सूरत की आग से लेकर दिल्ली के बेसमेंट में भरे पानी से गोते हुए लखनऊ की इन लपटों तक, हर बार यह साबित हुआ है कि संचालकों को केवल इस बात से सरोकार होता है कि एक छोटे से कमरे में कितने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को ठूंसा जा सकता है। अभिभावक अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आस में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी, अपनी गाढ़ी कमाई इन संस्थानों के काउंटरों पर लाकर झोंक देते हैं। वे यह सोचकर निश्चिंत हो जाते हैं कि उनका बच्चा कल का डॉक्टर, इंजीनियर या बड़ा प्रशासनिक अधिकारी बनेगा और देश का नाम रोशन करेगा। लेकिन विडंबना देखिए, शिक्षा के इस अंधाधुंध बाजारीकरण ने इंसानियत को इतना बौना और लाचार कर दिया है कि आज इन व्यापारिक आकाओं के लिए मुनाफा, बच्चों के अनमोल जीवन से बहुत बड़ा हो चुका है।

अब समय आ गया है कि ऐसी स्थिति में कोचिंग सेंटर के मालिकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। हमें सामूहिक रूप से यह मांग करनी होगी कि देश के प्रत्येक कोचिंग सेंटर का सुरक्षा ऑडिट केवल कागजों पर न हो, बल्कि धरातल पर उसकी कड़ाई से जांच की जाए। यदि कोई भी संस्थान सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता तो उसे हमेशा के लिए सील कर दिया जाना चाहिए और उसके संचालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटर के मालिक पर केवल लापरवाही का हल्का मुकदमा चलाने के बजाय सीधे तौर पर हत्या या गैर-इरादतन हत्या की संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

सूरत, दिल्ली और अब लखनऊ के हादसों के बाद भी अगर संचालकों के भीतर कानून का खौफ पैदा नहीं हुआ तो वे देश की न्याय व्यवस्था को अपने मुनाफे के आगे बौना समझते रहेंगे। इन व्यावसायिक संस्थानों को रिहायशी और तंग इलाकों से पूरी तरह बाहर निकालकर केवल उन्हीं स्थानों पर संचालित करने की अनुमति दी जानी चाहिए जो पूरी तरह से सुरक्षित और खुले हों। यदि शिक्षा प्राप्त करने का अर्थ अपनी जान को जोखिम में डालना है तो समाज को ऐसी खूनी शिक्षा व्यवस्था को तुरंत नकार देना चाहिए। संचालकों की यह व्यावहारिक और नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे स्वयं अपने संस्थानों को तब तक बंद रखें जब तक कि वे छात्रों को एक पूर्ण सुरक्षित वातावरण देने में सक्षम न हो जाएं। लखनऊ की यह भीषण त्रासदी, दिल्ली के बेसमेंट का वह खौफनाक मंजर और सूरत में बिखरी हुई मासूमों की राख आज हमें चीख-चीख कर एक गंभीर चेतावनी दे रही है। क्या हम केवल अगली किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं ताकि फिर से शोक व्यक्त कर सकें? अब वक्त आ गया है कि इस अंधी और बहरी व्यवस्था की नींद को हमेशा के लिए तोड़ा जाए और इसके असली दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए, क्योंकि अगर आज हम चुप रहे और हमने अपनी आवाज बुलंद नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां हमारी इस कायरता और मौन के लिए हमें कभी माफ नहीं करेंगी। यह समय चुप रहकर तमाशा देखने का नहीं है, बल्कि इस पूरे खूनी व्यापार के संचालकों को समाज का असली आईना दिखाने और उन्हें उनके इस अक्षम्य अपराध की पूरी सजा दिलाने का है। यदि हम समाज के तौर पर आज भी नहीं जागे और हमने इन मुनाफाखोर कोचिंग मालिकों को उनके कर्मों की सजा नहीं दिलाई तो यह खूनी सिलसिला देश के किसी न किसी कोने में निरंतर चलता रहेगा।

(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

श्रद्धांजलि
डॉ. अर्चना गुप्ता



# राष्ट्रचेतना के अमर पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

कुछ व्यक्तित्व समय की धारा में केवल जीवित नहीं रहते, वे स्वयं इतिहास की दिशा और दशा निर्धारित करते हैं। उनके विचार युगों तक समाज का मार्गदर्शन करते हैं, उनका साहस पीढ़ियों को प्रेरणा देता है और उनका जीवन राष्ट्र की चेतना में सदैव स्पंदित होता रहता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही एक विलक्षण राष्ट्रपुरुष थे, जिन्होंने अपने चिंतन, कर्म और बलिदान से भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को नया स्वर प्रदान किया। व्यक्ति का जीवन सीमित हो सकता है, किंतु राष्ट्र के लिए जिया गया जीवन कालजयी हो जाता है। डॉ. मुखर्जी का जीवन इसी सत्य का अनुपम उदाहरण है। 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बचपन से ही असाधारण प्रतिभा के धनी थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी शिक्षा जगत की एक प्रतिष्ठित विभूति थे, जिनसे उन्हें विद्वता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिली। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां अद्वितीय थीं। मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। यह उपलब्धि केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण नहीं थी, बल्कि भारतीय शिक्षा जगत में उनके दूरदर्शी नेतृत्व की भी पहचान थी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में उन्होंने राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत की प्रथम मंत्रि परिषद में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने देश के औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। किंतु जब उन्हें लगा कि कुछ नीतियां राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं हैं, तब उन्होंने सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय मंत्री पद त्यागना उचित समझा। यह उनके चरित्र की दृढ़ता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का प्रमाण था। वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नया वैचारिक आधार दिया। उस समय देश की राजनीति में वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रीय दृष्टि की आवश्यकता थी। डॉ.



मुखर्जी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव और अखंड भारत के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उनका स्पष्ट मत था कि भारत की एकता और अखंडता सर्वोपरि है तथा इसके साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। जम्मू-कश्मीर के प्रश्न पर उनका संघर्ष भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने उस व्यवस्था का विरोध किया जिसमें एक देश के भीतर दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था लागू थी। उनका प्रसिद्ध उद्घोष- "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे"- आज भी राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में स्मरण किया जाता है। भारत की पूर्ण एकात्मता के लिए उन्होंने अपना जीवन दांव पर लगा दिया। जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया और 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उनका यह बलिदान सदा याद रखा जाएगा।

डॉ. मुखर्जी का बलिदान केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं था, बल्कि एक ऐसे विचार की अमरता का प्रारंभ था, जिसने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है जो व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए कार्य करे। आज जब भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तब डॉ. मुखर्जी के विचार और भी अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, सुशासन और आत्मगौरव से परिपूर्ण भारत का जो स्वप्न आज साकार होता दिखाई दे रहा है, उसकी वैचारिक नींव रखने वालों में डॉ. मुखर्जी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें स्मरण करना केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं है, बल्कि राष्ट्र प्रथम के उस मंत्र को आत्मसात करना है जिसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। यह अवसर उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और भारत की अखंडता एवं गौरव को और सुदृढ़ करने का भी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना का वह अमर स्वर हैं जो सदैव राष्ट्रभक्ति, साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता रहेगा। उनका जीवन और बलिदान आने वाली अनगिनत पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और उसकी एकता, अखंडता तथा गौरव की रक्षा के लिए हर प्रकार का त्याग छोटा है।

(लेखिका प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा, हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया**

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया? - *कविता वर्मा, रोहतक*

## करंट अफेयर

### एआई कंपनियां पर्यावरण प्रभाव पर रिपोर्ट जारी करें

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनियों से अपने कार्बन उत्सर्जन तथा संस्थान के संचालन में उपयोग में लाये जाने वाले जल और जमीन के बारे में रिपोर्ट जारी करने की अपील की। गुतारेस ने 'लंदन क्लाइमेट एक्शन वीक' में अपने संबोधन के दौरान कार्रवाई का आग्रह करते हुए एआई पर्यावरण पारदर्शिता पहल का प्रस्ताव किया। उन्होंने तर्क दिया कि एआई कंपनियों को अपनी तेजी से लोकप्रिय हो रही प्रौद्योगिकी के असर को मापना और उसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही वह प्रभाव है जिसे डेटा सेंटर के तेजी से बढ़ते विस्तार पर रोक लगाने की वजह बताया जा रहा है। इन कंपनियों पर सरकारों और उन इलाकों के स्थानीय लोगों, जहां एआई के डेटा सेंटर हैं, की ओर से लगातार दबाव बढ़ रहा है कि वे अधिक पारदर्शिता बरतें और पूरे उद्योग में जानकारी साझा करने के लिए एक जैसा मानक अपनाएं। गुतारेस ने कहा कि एआई कंपनियों को 2030 तक अपने संस्थानों को पवन और सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय प्रौद्योगिकी से बनी बिजली से संचालित करने का संकल्प लेना चाहिए। गुतारेस ने यूरोप के सबसे बड़े स्वतंत्र जलवायु सम्मेलन में कहा, 'अब कोई छिपी हुई लागत नहीं...अब उन लोगों पर बोझ नहीं डाला जाएगा जो इसे वहन करने में सबसे कम सक्षम हैं।




## ऑफ बीट

### प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रहा

प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है – ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।



## ट्रेंड

### 'राष्ट्र प्रथम' की भावना



नक्सल प्रभावित उन इलाकों में, जहा लोग दिन में भी बाहर निकलने से डरते थे, हमने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ विकास का संकल्प लेकर कदम आगे बढ़ाए हैं।नतीजा यह है कि आज देश में माओवादी आतंकवाद अपने अंतिम दिन गिन रहा है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### गहरी संवेदना



लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना में कई लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर बेहद दुखद है। मैं सभी पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### हार्दिक शुभकामनाएं



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सभी खिलाड़ियों और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। खेल अनुशासन, समर्पण, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने हमेशा वैश्विक मंच पर देश का मान बढ़ाया है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### राम मंदिर



राम मंदिर का पूरा कंट्रोल चंपत राय के हाथों में है। सबसे ज़्यादा आरोप खुद चंपत राय पर ही लग रहे हैं। उन्हें अब तक हटाया क्यों नहीं गया है? क्या इस बात का डर है कि अगर चंपत राय ने मुंह खोला, तो कई बड़े चेहरे बेनकाब हो जाएंगे ?
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बने रोनाल्डो

## पुर्तगाल के लिए टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल का रिकॉर्ड बनाया

## उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया



**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो 6 फुटबॉल वर्ल्डकप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 41 साल के रोनाल्डो ने मंगलवार को ह्यूस्टन स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के खिलाफ छठे मिनट में गोल दागकर यह रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने 39वें मिनट में दूसरा गोल भी किया। यह मैच में उनका दूसरा और वर्ल्ड कप करियर का 10वां गोल था। इसके साथ ही उन्होंने पुर्तगाल के महान स्ट्राइकर यूसेबियो (9 गोल) को पीछे छोड़ते हुए वर्ल्डकप में पुर्तगाल के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले प्लेयर भी बन गए। रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018, 2022 और अब 2026 वर्ल्डकप में गोल किया है। उनके बाद अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी हैं। उन्होंने 2010 को छोड़कर 2006, 2014, 2018, 2022 और 2026 वर्ल्ड कप में गोल किए हैं। पुर्तगाल ने 5-0 से जीत हासिल की। टीम के लिए तीसरा गोल नूनो मेंडेस ने 17वें मिनट में किया, जबकि 59वें मिनट में ब्रूनो फर्नांडीस के कॉर्नर पर जुआओ फेलिक्स के शॉट के बाद गेंद डिफेंडर अब्दुकोदिर खुसानोव और गोलकीपर अब्दुवोहिद नेमातोव से टकराकर गोल में चली गई, जिसे ओन गोल माना गया।

**इस टूर्नामेंट में अब तक 2 गोल कर चुके**

मौजूदा टूर्नामेंट में रोनाल्डो के 2 गोल हो चुके है। वह पहले मैच में डीआर कांगो के खिलाफ गोल नहीं कर सके थे, लेकिन उज्बेकिस्तान के खिलाफ ब्रेस लगाकर इतिहास रच दिया।

## 41 साल के रोनाल्डो ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ गोल दागकर बनाया रिकॉर्ड

### छठे मिनट में रचा इतिहास

रोनाल्डो ने मैच के छठे मिनट में जोआओ कैंसिलो के लो क्रॉस को शानदार राइट-फुटेड शॉट से गोल में बदल दिया। गेंद सीधे निचले कोने में गई और गोलकीपर के पास कोई मौका नहीं था। इस गोल के साथ रोनाल्डो ने इतिहास रचा।

### नूनो मेंडेस ने 17वें मिनट में गोल किया

मैच के शुरुआती मिनटों में नूनो मेंडेस और जोआओ कैंसिलो लगातार बाएं और दाएं फ्लैंक से हमले कर रहे थे। पहले गोल से पहले भी नूनो मेंडेस ने शानदार क्रॉस दिया था, जिस पर रोनाल्डो गोल नहीं कर सके थे। हालांकि 17वें मिनट में फ्री किक पर कैं नूनो मेंडेस ने गोल दागकर बढ़त 2-0 कर दी।

### मेसी के साथ खेल रहे छठा वर्ल्ड कप

रोनाल्डो और अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी इस साल छठा वर्ल्ड कप खेल रहे हैं। दोनों ही 6 वर्ल्डकप खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। मेसी ने 2006, 2014, 2018, 2022 और 2026 में गोल किए हैं, जबकि रोनाल्डो ने अपने हर वर्ल्डकप में गोल दागा है।

### 20 साल से ज्यादा लंबा सफर रहा

रोनाल्डो ने अपना पहला वर्ल्डकप गोल 2006 में 21 साल की उम्र में किया था। 20 साल बाद 41 साल की उम्र में भी वह वर्ल्ड कप में गोल कर रहे हैं। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में रिकॉर्ड 144 गोल हैं। वहीं यह मैच उनके करियर का 230वां इंटरनेशनल मुकाबला भी है।

## इराक को 3-0 से हराकर नॉकआउट में फ्रांस

**फिलाडेल्फिया।** फ्रांस ने ईराक को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में जगह बना ली। एमबाप्पे ने 14वें और 54वें मिनट में गोल दागे। उनके पहले गोल पर फ्रांस ने हाफटाइम तक 1-0 की बढत बना ली जब भारी बारिश और तूफान के कारण मैच दो घंटे से अधिक समय के लिए रोकना पड़ा। एमबाप्पे फ्रांस की 2018 विश्व कप जीत और 2022 में फाइनल तक पहुंचाने में सूत्रधार रहे थे। इस बार उनके डेम्बेले और डिजायर डू के रहते फ्रांस खिताब के प्रबल दावेदारों में से है। फ्रांस का सामना 4 जुलाई को यहां जर्मनी से हो सकता है।







## अल्जीरिया ने खत्म किया 12 साल का सूखा, पहली बार टूर्नामेंट में मिली जीत

**सांता क्लारा।** दूसरे हाफ में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल करके अल्जीरिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जोर्डन को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें पुख्ता कर लीं। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी नादिर बेनबुआली ने 69वें मिनट में हेडर लगाया जबकि अमीने गोरी ने 82वें मिनट में विजयी गोल दागा। विश्व कप में 2014 के बाद अल्जीरिया की यह पहली जीत है। जोर्डन के लिए पहले हाफ में निजार अल राशदान ने गोल दागा था। अल्जीरिया को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 3-0 से हराया था लेकिन दूसरे मैच में आस्ट्रिया को हराकर उसने ग्रुप जे में दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

# नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराया 'वाइकिंग रो' कर मनाया जश्न



हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, अंतिम 32 में बनाई जगह

**ईस्ट रदरफोर्ड।** एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 32 में जगह बना ली। मार्कस पेडरसन ने 43वें मिनट में गोल किया जबकि हालैंड ने 48वें और 58वें मिनट में गोल दागे। उनके विश्व कप में अब चार गोल हो गए हैं। पेडरसन ने जूलियन रायरसन के चोटिल होने के कारण 13वें मिनट में विश्व कप में पदार्पण किया और गोल कर दिया। वहीं हालैंड ने मार्टिन ओडेगार्ड के पास पर बाए पैर से शॉट लगाया और सेनेगल के गोलकीपर एडुअर्ड मेंडी बायीं ओर डाइव लगाकर भी गोल नहीं बचा सके। इसके बाद उन्होंने सेनेगल के डिफेंस को भेदते हुए पैट्रिक बर्ग के पास पर गोल किया। जीत के बाद कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड की अगुआई में खिलाड़ियों ने फैंस के साथ मिलकर पारंपरिक वाइकिंग रो सेलिब्रेशन किया। टूर्नामेंट के दौरान नॉर्वे के फैंस के बीच वाइकिंग रो एक लोकप्रिय परंपरा बन गई है। फैंस वाइकिंग लॉन्गबोट जैसी बनावट में बैठते हैं और ड्रम की थाप पर नाव चलाने जैसा एक्शन करते हैं। इसकी तुलना यूरो 2016 में आइसलैंड के मशहूर वाइकिंग क्लैप से की जाती है।

## खबर संक्षेप



### अर्जन सिंह स्मृति हॉकी टूर्नामेंट: वायुसेना ने दक्षिणी कमान सेना को हराया

**जालहल्ली।** भारतीय वायुसेना के वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मृति हॉकी टूर्नामेंट के सातवें सत्र के पहले मैच में भारतीय सेना (दक्षिणी कमान) को 2-0 से हरा दिया। टूर्नामेंट का आयोजन वायुसेना खेल नियंत्रण बोर्ड कर रहा है। अग्निवीर विनायक संतोष हांडे को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीम हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में एयर मार्शल एस शिवकुमार ने हिस्सा लिया और टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा की।मुख्य अतिथि ने हांडे को 25 हजार रुपए का चैक सौंपा।

### तिलक की तूफानी पारी 56 गेंद में बनाए 136 रन

**हैदराबाद।** तिलक वर्मा ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला की तैयारी पुख्ता करते हुए टीजी20 में 56 गेंद में नाबाद 136 रन बनाकर वारंगल वारियर्स के खिलाफ मेडक फाल्कंस को तीन विकेट से जीत दिलाई। जीत के लिए 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने आक्रामक शुरुआत की। उनकी टीम ने चौथे ही ओवर में 50 रन बना लिए।

# 12 करोड़ के घाटे के साथ डीसी में लौटे पंत

## एलएससी की जर्सी में दिखेंगे कुलदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के तौर पर दो खराब सत्र के बाद ऋषभ पंत की वेतन में 12 करोड़ रुपए की भारी कटौती के साथ दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी हो रही है।

दिल्ली कैपिटल्स के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ हुई एक 'हाई-प्रोफाइल ट्रेड (बड़े खिलाड़ियों की अदला-बदली)' में पंत 15 करोड़ रुपए में अपनी पुरानी फ्रेंजाइजी में वापस आ गए हैं। एलएसजी ने आईपीएल 2025 से पहले हुई बड़ी नीलामी में उन्हें 27 करोड़ रुपए की भारी-भरकम रकम में खरीदा था, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम थी।



### 13.50 करोड़ रुपये की फीस पर सुपर जायंट्स में कुलदीप

लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने उस समय पंत के साथ लंबे समय तक जुड़े रहने की बात कही थी। लगातार दो कमजोर सत्र के बाद फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने जस्टिन लैंगर और टॉम मूडी की मौजूदगी वाली ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग टीम की सलाह पर पंत को रिलीज करने का फैसला किया। उम्मीद के मुताबिक हुए इस ट्रेड में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ सुपर जायंट्स में चले गए।

**पंत के लिए ट्रेड घर वापसी जैसी :** पंत के लिए यह ट्रेड घर वापसी जैसी है। उन्होंने 2016 से 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच खेले थे। नीलामी में जाने से पहले तक वह इसी टीम का हिस्सा थे।

# आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे से नीतीश बाहर, शेडगे टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी की जगह प्रतिभाशाली सूर्यांश शेडगे को शामिल किया गया है।

इससे पहले ब्रिटेन दौरे की सीमित ओवरों की श्रृंखलाओं से बाहर होने के कारण रेड्डी की अनुपस्थिति भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका मानी जा रही थी। उन्हें हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी।



### रेड्डी अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में हुए थे चोटिल

बीसीसीआई ने कहा, पुरुष चयन समिति ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में नीतीश कुमार रेड्डी के स्थान पर सूर्यांश शेडगे को शामिल किया है। रेड्डी ने 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के बाद अपनी बाईं जांघ (क्वाड्रिसेप्स) में दर्द और असहजता की शिकायत की थी। मेडिकल जांच के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें रिहैबिलिटेशन की सलाह दी।

# आईसीसी रैंकिंग : 'नंबर-1' गेंदबाज बनीं श्रीचरणी, लिंसी स्मिथ को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी पहली बार आईसीसी विमेंस टी20 बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। श्रीचरणी को आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है, जिन्होंने इस संस्करण के 3 मुकाबलों में अब तक 10 विकेट हासिल किए हैं। 21 वर्षीय चरणी फिलहाल टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। इंग्लैंड की लिंसी स्मिथ वर्ल्ड कप में धीमी शुरुआत के बाद दो स्थान खिसककर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। साथी चार्ली डीन दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच कई प्रमुख गेंदबाजों की रैंकिंग में भी बड़े बदलाव दिखे। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 सोफी एक्लेस्टोन चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गईं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज 9 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें पायदान पर आ गईं।



### छठे स्थान पर पहुंची शेफाली

बेहतर प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में भारत की शेफाली वर्मा शामिल हैं, जो छठे स्थान पर पहुंच गईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर एक स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में शामिल हो गई हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी 11वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि प्रेंडरगास्ट ने चार स्थान की छलांग लगाकर 13वां स्थान हासिल किया और अपना ऑल-राउंड प्रदर्शन बेहतर करना जारी रखा। बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना भी टॉप-20 में जगह बनाकर उल्लेखनीय सुधार करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रहीं। ऑल-राउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर कोई बदलाव नहीं हुआ।

## स्कॉटलैंड पर न्यूजीलैंड की जीत में चमकीं मेली और शार्प, श्रीलंका भी जीता

**ब्रिस्टल (भाषा)।** कप्तान मेली केर के फिरकी के जादू के बाद इजी शार्प के अर्धशतक से गत चैंपियन न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के करो या मरो के ग्रुप दो मुकाबले में स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से जल्द बाहर होने का खतरा झेल रहे न्यूजीलैंड ने 132 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 26 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे। शार्प (62 रन, 43 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) ने हालांकि अर्धशतक जड़ने के अलावा ब्रूक हैलीडे (नाबाद 41, 38 गेंद, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी करके 18.2 ओवर में टीम का स्कोर चार विकेट पर 132 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिलाई। इस जीत से न्यूजीलैंड की टीम चार मैच में दो जीत और दो हार से चार अंक के साथ अंक तालिका में इंग्लैंड (06 अंक) और वेस्टइंडीज (06) के बाद तीसरे स्थान पर है। स्कॉटलैंड की ओर से कैथरीन ब्राइस (13 रन पर दो विकेट) और राशेल स्लेटर (22 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। स्कॉटलैंड ने इससे पहले युवा सलामी बल्लेबाज डार्सी कार्टर के नाबाद अर्धशतक से सात विकेट पर 131 रन बनाए। डार्सी ने 52 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से नाबाद 72 रन की पारी खेलने के अलावा साथी सलामी बल्लेबाज कैथरीन फ्रेजर (07) के साथ पहले विकेट के लिए 51 और सारा ब्राइस (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की। न्यूजीलैंड की ओर से मेली सबसे सफल गेंदबाजी रहीं जिन्होंने अपनी लेग स्पिन से 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सोफी डिवाइन ने भी 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sn | Lot No. | Description | Auction Start Date/Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-2 | अम्बाला मंडल के धूरी रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 2 | MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-2 | अम्बाला मंडल के लेहरा गागा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 3 | MSS-UMB-JUDW-RCR-84-26-1 | अम्बाला मंडल के जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 4 | MSS-UMB-ANSB-RCR-86-26-1 | अम्बाला मंडल के आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 5 | MSS-UMB-NLDM-RCR-87-26-1 | अम्बाला मंडल के नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 6 | MSS-UMB-RPAR-RCR-88-26-1 | अम्बाला मंडल के रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 7 | MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-2 | अम्बाला मंडल के सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 8 | MSS-UMB-BTI-RCR-85-26-1 | अम्बाला मंडल के बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 9 | PnU-UMB-SRE-WRL-71-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, कुल क्षेत्रफल 20 x 11 वर्ग फुट (साइट–प्लान के अनुसार)। | 07.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 10 | PnU-UMB-RPJ-WRL-70-26-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 4 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर है (साइट–प्लान के अनुसार)। | 07.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 11 | PnU-UMB-SIR-WRL-72-26-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर है (साइट–प्लान के अनुसार)। | 07.07.2026 12.00.00 hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2162/2026

## विश्व कप के महंगे टिकट, स्टेडियम से दूर हुए मेक्सिको के फैंस

# 'गोओओओल' की गूंज में डूबा मेक्सिको, फुटबॉल का बुखार चरम पर

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको सिटी

'गोओओओओल......' यह गूंजता हुआ नारा प्लास्टिक की मेजों पर रखे एक टेलीविजन के सामने जुटी भीड़ के बीच बार-बार सुनाई देता है। इसकी गूंज मेक्सिको सिटी के व्यस्त श्रमिक वर्ग वाले इलाके की गलियों और दुकानों तक दूर-दूर तक फैल जाती है। मेक्सिको में फुटबॉल प्रशंसक खुले मैदानों, पुलों के नीचे बने स्थानों और मशहूर स्थानीय व्यंजन टैको की दुकानों में लगे टीवी स्क्रीन पर निगाहें टिकाए अपनी राष्ट्रीय टीम का पूरे जोश और जुनून के साथ समर्थन कर रहे हैं। फीफा विश्व कप में जैसे ही मेक्सिको की टीम एक और मैच जीतती है, पूरे देश में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ जाती है।



### टिकट खरीद पाना लोगों के लिए संभव नहीं

अमेरिका और कनाडा के साथ मिलकर अपने देश में आयोजित हो रहे इस विश्व कप के महंगे टिकट खरीद पाना मेक्सिको के अधिकांश लोगों लिए संभव नहीं है। ऐसे में लोगों ने इस आयोजन से अपने तरीके से जुड़ते हुए सड़कों पर ही जश्न मनाना शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासी एस्मेराल्डा सेरातो ने अपने पड़ोसियों के साथ सड़क पर लगे टीवी पर मैच देखा। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो स्टेडियम में जाकर मैच देखने का अनुभव अलग होता है, लेकिन मुझे यहां सड़क पर बैठकर मैच देखना ज्यादा पसंद है। ऐसा लगता है जैसे मैं अपने घर में बैठी हूं। विश्व कप का नाम सुनते ही मेरी रगों में जोश दौड़ने लगता है।'

### महंगी टिकट को लेकर आलोचना

मेक्सिको की लगातार दो जीतों के बाद मेक्सिको सिटी, ग्वाडालाहारा और मोंटेरे जैसे मेजबान शहरों में हजारों लोग जश्न मनाने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। इन जश्नों के पीछे एक नाराजगी भी छिपी है। फीफा को विश्व कप टिकटों की बढ़ती कीमतों को लेकर दुनिया भर में आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मेक्सिको में एक औसत कर्मचारी की मासिक आय लगभग 433 डॉलर है और फुटबॉल को ऐसा खेल माना जाता है, जो अमीर-गरीब सभी को जोड़ता है। ऐसे में मैच देखने वालों और उससे वंचित रह जाने वालों के बीच का अंतर साफ दिखाई दे रहा है।




## विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

# भारतीय ध्वज वाले 10 जहाज फारस की खाड़ी में मौजूद, जल्द पार करेंगे होर्मुज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित प्रेस वार्ता में कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत लगातार नजर बनाए हुए है।

होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय जहाजों की आवाजाही जारी है और अब तक 11 भारत-गामी जहाज सुरक्षित तरीके से इस मार्ग से गुजर चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल फारस की खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 10 जहाज मौजूद हैं। इसके अलावा दो भारतीय जहाज हाल ही में फारस की खाड़ी में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे यह साफ है कि क्षेत्र में समुद्री यातायात पूरी तरह ठप नहीं हुआ है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि शेष भारतीय जहाज भी जल्द सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लेंगे।

## पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत लगातार नजर बनाए हुए


रणधीर जायसवाल

### 11 जहाज होर्मुज पार कर चुके

*विदेश मंत्रालय के अनुसार, 17 जून को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद से अब तक 11 भारत-गामी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर चुके हैं। इनमें 3 भारतीय ध्वज वाले कच्चा तेल टैंकर शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक में करीब 2.85 लाख मीट्रिक टन कच्चा तेल लदा हुआ है। इसके अलावा एक विदेशी ध्वज वाला एलपीजी वाहक, एक विदेशी ध्वज वाला कच्चा तेल टैंकर और 6 विदेशी ध्वज वाले उर्वरक ढोने वाले मालवाहक जहाज भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।*

### उर्वरकों से भरे चार जहाजों ने पार किया होर्मुज

भारत आ रहे उर्वरकों से भरे चार जहाजों ने हॉर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। इनमें यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और सल्फर लदे हुए हैं। इन जहाजों ने पिछले हफ्ते फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज को पार किया था और अब यह भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। ये जहाज अभी अपने तय गंतव्य बंदरगाहों कृष्णपट्टनम, काकीनाडा, पारादीप और मुंद्रा की ओर बढ़ रहे हैं।

### कतर में 12 भारतीयों की मौत पर जताया दुख

*रणधीर जायसवाल ने कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी गैस सुविधा केंद्र में हुए विस्फोट को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। इसके अलावा कई अन्य देशों के नागरिक भी मारे गए हैं। कुल 66 लोग घायल हुए हैं, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें कितने भारतीय शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी घायल सुरक्षित हैं और भारतीय दूतावास स्थानीय प्रशासन के संपर्क में है। मृतकों के शवों की पहचान और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सरकार मृतकों के परिजनों के संपर्क में भी है।*

### चीन के साथ संबंध सामान्य बना रहे

*विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक की जानकारी भी दी। मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की और संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की दिशा में हुई प्रगति पर संतोष जताया। अजीत डोभाल ने कहा कि स्थिर, भरोसेमंद और रचनात्मक द्विपक्षीय संबंध दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने में मदद करेंगे। मंत्रालय ने इन चर्चाओं को सकारात्मक और भविष्य की दिशा तय करने वाला बताया।*

### ब्रिक्स में आतंकवाद से निपटने पर हुई चर्चा

*विदेश मंत्रालय ने बताया कि ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों, नई तकनीकों से पैदा हो रहे खतरों और आतंकवाद से निपटने के मुद्दों पर चर्चा हुई। अजीत डोभाल ने ईरान, ब्राजील, चीन, दक्षिण अफ्रीका और इथियोपिया के प्रतिनिधियों से द्विपक्षीय बैठकें भी कीं।*

## खबर संक्षेप

### व्यापार समझौते के लिए भारत पहुंचे जेमिसन ग्रीर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत तेज हो गई है।



अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के भारत पहुंचने पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वागत किया। इसके साथ ही सार्थक बातचीत की उम्मीद जताई। केंद्रीय मंत्री ने लिखा की यूएस ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर एवं प्रतिनिधि मंडल का भारत के वाणिज्य विभाग में स्वागत है।

### ओरेकल में एक साल में 21 हजार की छंटनी

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी ओरेकल ने एआई केंद्रित व्यावसायिक पुनर्गठन के दौरान दुनिया भर में लगभग 21 हजार कर्मचारियों की नौकरी में कटौती की है।



कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 31 मई 2026 तक ओरेकल में 1 लाख 41 हजार पूर्णकालिक कर्मचारी हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या लगभग 1 लाख 62 हजार थी।

### जुबिन मौत मामले के आरोपी को जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** असम के चर्चित दिवंगत संगीतकार और सिंगर जुबिन गर्ग मर्डर केस की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। मुख्य आरोपी श्यामकानु महंत को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी को जमानत देने से उसके फरार होने और सबूतों से छेड़छाड़ का खतरा है।

## 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सालहकारों की मीटिंग में एनएसए डोभाल बोले

# तनाव और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में ब्रिक्स देशों की खास भूमिका

*डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स को उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के एक अनौपचारिक समूह के तौर पर सोचा गया था, जिसका मकसद ज्यादा 'मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर' को बढ़ावा देना, आर्थिक सहयोग बढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय मामलों में ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करना था। यह समूह ग्लोबल गवर्नेंस स्ट्रक्चर में सुधार और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को बेहतर बनाने की उम्मीद पर भी बना है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स केवल देशों के समूह से कहीं ज्यादा है। उन्होंने इसे दुनिया की लगभग आधी आबादी का एक सामूहिक घर बताया, जिसकी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में खास भूमिका है।



खासतौर से ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय सिस्टम बढ़ती अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और बदलते सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है। 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सालहकारों की मीटिंग में एनएसए अजित डोभाल ने अपने समकक्षों का स्वागत किया और सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने समूह के अंदर सहयोग को आगे बढ़ाने में लगातार जुड़े रहने और समर्थन के लिए हिस्सा लेने वाले देशों को धन्यवाद दिया।

### आतंकवाद, साइबर खतरे हम सबके लिए बड़ी चुनौती



बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों के एनएसए

### मौजूदा समय में मिलकर काम करने की जरूरत

एनएसए अजित डोभाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने जो चुनौतियां हैं, वे तेजी से मुश्किल होती जा रही हैं और उन्हें मैनेज करना कठिन हो रहा है, जबकि मौजूदा संस्थागत फ्रेमवर्क और झगड़े सुलझाने के तरीके असरदार तरीके से जवाब देने में मुश्किल हो रहे हैं। न केवल खतरे और अधिक जटिल तथा आपस में जुड़े हुए होते जा रहे हैं, बल्कि उनसे निपटने या उनके प्रभाव को कम करने के लिए मौजूद साधन और संस्थागत तंत्र भी लगातार अपर्याप्त साबित हो रहे हैं।

### ग्लोबल साउथ की आवाज बने ब्रिक्स

डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स को उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के एक अनौपचारिक समूह के तौर पर सोचा गया था, जिसका मकसद ज्यादा 'मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर' को बढ़ावा देना, आर्थिक सहयोग बढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय मामलों में ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करना था।

### अमेरिका-ईरान के समझौते का स्वागत

*एनएसए अजित डोभाल ने अमेरिका और ईरान से जुड़े हाल के कूटनीतिक विकास का भी जिक्र किया और दोनों देशों के बीच कथित तौर पर हुए ज्ञापन समझौते का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भहमें उम्मीद है कि यह काम करेगा। इससे ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। होर्मुज स्ट्रेट का खुलना एक बहुत अच्छी बढ़ोतरी है। इससे सप्लाई चेन की रुकावटें दूर होंगी और फर्टिलाइजर और केमिकल्स के क्षेत्र में कई कमियां दूर हो जाएंगी।*

### खतरे राष्ट्रों की सीमा पार कर रहे

*एनएसए डोभाल ने जोर दिया कि ब्रिक्स सदस्य देशों को उन बदलते खतरों के प्रति अलर्ट रहना चाहिए जो तेजी से राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर रहे हैं और जिनका पारंपरिक तरीकों से मुकाबला करना अक्सर मुश्किल होता है। उन्होंने बताया कि गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां ज्यादा जटिल और बदलने वाली हो गई हैं, जिससे पारंपरिक जवाब कम असरदार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि गैर-पारंपरिक खतरों ने देश की सीमाओं को पार कर लिया है और पारंपरिक जवाबों के खिलाफ हार के सिस्टम बना लिए हैं। न*

## भारत की सैन्य क्षमता में होगा इजाफा

# अमेरिका ने 48 करोड़ डॉलर के रक्षा सौदे को दी अनुमति

सौदे में दीर्घकालिक रखरखाव सहायता शामिल

भारत हिंद प्रशांत महासागर में महत्वपूर्ण साझेदार


होवित्जर तोप और अपाचे हेलिकॉप्टर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और अल्ट्रा लाइट होवित्जर तोपों के रखरखाव और सहायता सेवाओं से संबंधित उपकरण बेचने की मंजूरी दे दी है। इस प्रस्तावित सौदे की कुल अनुमानित लागत 48.22 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका के डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए), जो विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी देती है, उसने 17 जून को संघीय रजिस्टर में इस रक्षा बिक्री संबंधी अधिसूचना जारी की। इससे पहले 18 मई को अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सहायता सेवाओं की संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को सूचित किया था।

### तोपों के लिए 23 करोड़ डॉलर का पैकेज

अधिसूचना के अनुसार, भारत ने एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए दीर्घकालिक रखरखाव सहायता का अनुरोध किया है। इस पैकेज में सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, मरम्मत एवं वापसी सेवाएं, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि, डिपो क्षमता विकास तथा लॉजिस्टिक और कार्यक्रम सहायता से जुड़े तत्व शामिल होंगे। इस सहायता पैकेज की अनुमानित लागत 23 करोड़ डॉलर बताई गई है। एम777 हॉवित्जर सहायता कार्यक्रम के लिए ब्रिटेन स्थित बीएई सिस्टम्स प्रमुख ठेकेदार होगी।

**हेलीकॉप्टरों के लिए 19.82 करोड़ डॉलर का पैकेज:** एक अलग अधिसूचना में अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया कि भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए रखरखाव सहायता सेवाएं, अमेरिकी सरकार और निजी ठेकेदारों की इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं लॉजिस्टिक सहायता, तकनीकी दस्तावेज, प्रशिक्षण और अन्य संबंधित कार्यक्रम सहायता की मांग की है। अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए प्रस्तावित सहायता पैकेज की अनुमानित लागत 19.82 करोड़ डॉलर है।

## व्हाट्सएप पर गोपनीय प्रोजेक्ट के लिए तुरंत रकम ट्रांसफर न करें, यह नई साइबर ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने कंपनियों को बॉस स्कैम के खिलाफ चेतावनी जारी की है। इस स्कैम में हैकर्स अलग-अलग कंपनियों के सीईओ का व्हाट्सएप हैक कर कंपनियों से पैसे चुरा रहे हैं। आई4सी ने कहा है कि यदि यूजर्स को अपनी कंपनी के सीईओ के असली



व्हाट्सएप नंबर से एक बेहद जरूरी मैसेज आता है, जिसमें किसी गोपनीय प्रोजेक्ट के लिए तुरंत एक बड़ी रकम ट्रांसफर करने का आदेश हो।

## जयशंकर ने मंगोल रिफाइनरी का दौरा किया निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगोलिया के दौरे पर हैं। उन्होंने मंगोल रिफाइनरी प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन साइट का दौरा किया। इस दौरान मंगोलिया की विदेश मंत्री बत्सेत्सेग बटमुंख और इंडस्ट्री और माइनिंग मंत्री गोंगोर दमदिन्यम भी मौजूद रहे। वहां उन्होंने चल रहे कामों



की स्थिति की समीक्षा की। विदेश मंत्री ने एक्स पर बताया कि यह लैंडमार्क भारत मंगोलिया फ्रेंडशिप प्रोजेक्ट लगातार आगे बढ़ रहा है। इसमें शामिल अलग-अलग टीमों के साथ चल रहे कामों की स्थिति का समीक्षा की।

## भारत ने अमेरिका से खरीदी रिकॉर्ड 10 लाख टन एलपीजी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में पैदा हुए संकट के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।



भारत ने जून 2026 में अमेरिका से रिकॉर्ड मात्रा में एलपीजी आयात करने का फैसला किया है। अनुमान है कि इस महीने अकेले अमेरिका से आने वाली एलपीजी का आंकड़ा 10 लाख टन के पार पहुंच जाएगा, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। भारत अपनी घरेलू एलपीजी जरूरतों का एक बहुत बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। सामान्य दिनों में देश की करीब 90% एलपीजी जरूरतें सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे मध्य पूर्वी देशों से पूरी होती थीं।

## सीयूईटी यूजी रिजल्ट जारी केंद्रीय विवि में मिलेगा प्रवेश

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी) 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। परिणाम जारी होने के साथ ही देश की



200 से अधिक यूनिवर्सिटीज में यूजी कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार कुल 49 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज, जिनमें डीयू, जेएनयू, बीएचयू, एएमयू और जामिया मिलिया इस्लामिया शामिल हैं, इस स्कोर के आधार पर एडमिशन देंगी। एनटीए केवल परीक्षा कराता है और वह कोई कट-ऑफ जारी नहीं करेगा। सभी यूनिवर्सिटीज अपने-अपने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करेंगी और आवेदकों की संख्या, उपलब्ध सीटों व रिजर्वेशन पॉलिसी के आधार पर अपनी अलग मेरिट लिस्ट और कट-ऑफ जारी करेंगी।

## शाहबाज को प्यार दिखाना जेडी वेंस के लिए पड़ा भारी

# अमेरिकी सांसद बोले- पाक का आतंकवादियों को पनाह देने का लंबा इतिहास, संभलकर रहें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के इस्लामाबाद के प्रति प्यार जताने वाले बयानों के बीच दो रिपब्लिकन सीनेटरों ने कतर और पाकिस्तान के आतंकवादियों को पनाह देने के इतिहास की ओर इशारा किया है।



फ्लोरिडा के सीनेटर रिक स्कॉट ने एक पोस्ट में कहा कि अब तक सभी को यह साफ हो जाना चाहिए कि हमारे असली दोस्त कौन हैं। कतर और पाकिस्तान का आतंकवादियों को पनाह देने का लंबा इतिहास रहा है और अभी वे सार्थक शांति लाने के बजाय ईरान के दशकों पुराने आतंकी अभियान को बढ़ावा देने में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। स्कॉट की ये बातें स्विट्जरलैंड में वेंस के उस बयान के बाद आईं जिसमें उन्होंने कहा था कि हम पाकिस्तान से प्यार करते हैं।


जेडी वेंस और शहबाज शरीफ

### पाकिस्तान ने बिन लादेन को छिपाकर रखा था

*वहीं, मोंटाना के सीनेटर टिम शीही ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ने एक दशक तक बिन लादेन को छिपाकर रखा था। उसने आईएसआई के जरिए अयातुल्ला को फंडिंग दी। कतर दशकों से आतंकवादी संगठनों के लिए मनी लॉन्ड्रिंग करता रहा है। पाकिस्तानियों ने आईएसआई के जरिए हमारे खिलाफ विद्रोहों को फंडिंग दी और बिन लादेन को छिपाकर रखा।*

## सिंधु जल समझौते पर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

# युद्ध की गीदड़ भभकी खुद की नाकामियों को छिपाने की कोशिश

पीओके में विरोध प्रदर्शनों को पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों का नतीजा

अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए दोषी ठहराए

पीओके में सेना और पुलिस निहत्थों को मार रही

सिंधु समझौते को लेकर पाक कर रहा मनगढ़ंत दावे


सिंधु नदी पर बंधा बांध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ सिंधु जल समझौते को लेकर युद्ध की गीदड़ भभकी दी थी। पाक के रक्षा मंत्री के बयान पर भारत ने करारा जवाब दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस तरह की बातें पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें हैं। हम इन मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह से खारिज करते हैं और इन्हें उस तिरस्कार के साथ ठुकराते हैं जिसके ये हकदार हैं।

### पीओके में नागरिकों पर पाक की बर्बरता जारी

*रणधीर जायसवाल ने पीओके पर कहा कि पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे वाले इलाकों में हो रहे विरोध-प्रदर्शन, पाकिस्तान की दशकों पुरानी आर्थिक शोषण, मौलिक अधिकारों से वंचित रखने और प्रशासनिक दमन की नीति का सीधा नतीजा हैं। भारत ने आरोप लगाया कि इन इलाकों में पाकिस्तान सरकार ने पुलिस की बर्बरता, आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की आपूर्ति रोकने, इंटरनेट बंद करने और निहत्थे नागरिकों के खिलाफ घातक बल का इस्तेमाल किया है।*

### सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

*दरअसल, ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में कहा था कि अगर पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा हुआ तो उनका देश भारत के खिलाफ युद्ध करने से भी पीछे नहीं हटेगा। जयसवाल ने कहा कि भारत कई बार यह स्पष्ट कर चुका है कि सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का उसका फैसला फिलहाल अपरिवर्तित रहेगा। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को उसके मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराने की भी अपील की।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28